अनुक्रमणिका

१

अेक पुस्तकका चमत्कारी प्रभाव

[गांधीजी अपनी 'आत्मकथा' के 'अेक पुस्तकका चमत्कारी प्रभाव' नामक अध्यायमें अपने पाठकोंको बतलाते हैं कि वे कैसे रस्किनकी पुस्तक 'अन्टु दिस लास्ट' से बहुत अधिक प्रभावित हुअे, जिसकी अेक प्रति सन् १९०४ में जोहानिसबर्गसे डरबनकी यात्रा करते समय अुन्हे अपने दक्षिण अफ्रीकाके सहयोगी श्री अेच० अेस० अेल० पोलाकने पढ़नेके लिअे दी थी।]

अिस पुस्तकको हाथमें लेनेके बाद मैं अिसे छोड़ ही न सका। अिसने मुझे पकड़ लिया। जोहानिसबर्गसे डरबनका रास्ता लगभग चौबीस घंटोंका था। मुझे सारी रात नींद नहीं आअी। मैंने पुस्तकमें सूचित विचारोंको अमलमें लानेका अिरादा किया।

अिससे पहले मैंने रस्किनकी अेक भी पुस्तक नहीं पढ़ी थी। विद्याध्ययनके समयमें पाठ्य-पुस्तकोंके बाहरकी मेरी पढ़ाअी लगभग नहींके बराबर मानी जायगी। कर्मभूमिमें प्रवेश करनेके बाद तो समय बहुत कम बचता था। आज तक भी यही कहा जा सकता है। मेरा पुस्तकीय ज्ञान बहुत ही कम है। मैं मानता हू कि अिस अनायास अथवा बरबस पाले गये संयमसे मुझे कोअी हानि नहीं हुअी। बल्कि जो थोड़ी पुस्तकें मैं पढ़ पाया हूं, कहा जा सकता है कि अुन्हें मैं ठीकसे हजम कर सका हूं। अिन पुस्तकोंमें से जिसने मेरे जीवनमें तत्काल महत्त्वके रचनात्मक परिवर्तन कराये, वह 'अन्टु दिस लास्ट' ही कही जा सकती है। बादमें मैंने अुसका गुजराती अनुवाद किया और वह 'सर्वोदय' के नामसे छपा।

मेरा यह विश्वास है कि जो चीज मेरे अन्दर गहराअीमें छिपी पड़ी थी, रस्किनके ग्रंथरत्नमें मैंने अुसका स्पष्ट प्रतिबिम्ब देखा। और, अिस कारण अुसने मुझ पर अपना साम्राज्य जमाया और मुझसे अुसमें

दिये गये विचारों पर अमल कराया। जो मनुष्य हममें सोअी हुअी अुत्तम भावनाओंको जाग्रत करनेकी शक्ति रखता है वह कवि है। सब कवियोंका सब लोगो पर समान प्रभाव नही पड़ता, क्योंकि सबके अंदर सारी सद्भावनायें समान मात्रामें नही होती।

मैं 'सर्वोदय' के सिद्धान्तोको अिस प्रकार समझा हूं:

१. सबकी भलाअीमे हमारी भलाअी निहित है।

२. वकील और नाअी दोनोंके कामकी कीमत अेकसी होनी चाहिये, क्योकि आजीविकाका अधिकार सबको अेक समान है।

३. सादा मेहनत-मजदूरीका यानी किसानका जीवन ही सच्चा जीवन है।

पहली चीज मैं जानता था। दूसरीको मैं धुधले रूपमें देखता था। तीसरीका मैंने कभी विचार ही नहीं किया था। 'सर्वोदय' ने मुझे दीयेकी तरह स्पष्ट दिखा दिया कि पहली चीजमें दूसरी दोनों चीजें समाअी हुअी हैं। सवेरा हुआ और मैं अिन सिद्धान्तोंका अमल करनेके प्रयत्नमें लगा।

आत्मकथा, पृ० २५९-६०; १९५७

२

शरीर-श्रमका कानून

रोटीके लिअे हरअेक मनुष्यको मजदूरी करनी चाहिये, शरीरको (कमरको) झुकाना चाहिये, यह अीश्वरका कानून है। यह मूल खोज टॉल्स्टॉयकी नही है, लेकिन अुनसे बहुत कम मशहूर रूसी लेखक टी० अेम० बोन्दरेव्हकी है। टॉल्स्टॉयने अुसे रोशन किया और अपनाया। अिसकी झांकी मेरी आंखें भगवद्गीताके तीसरे अध्यायमें करती है। यज्ञ किये बिना जो खाता है वह चोरीका अन्न खाता है, अैसा कठिन शाप यज्ञ नही करनेवालेको गीतामें दिया गया

है। यहां यज्ञका अर्थ शरीरकी मेहनत या रोटीके लिअे मजदूरी ही शोभता है और मेरी रायमें यही मुमकिन है।

जो भी हो, हमारे अिस व्रतका जन्म अिस तरह हुआ है। बुद्धि भी अुस चीजकी ओर हमें ले जाती है। जो मजदूरी नहीं करता अुसे खानेका क्या हक है? बाअिबल कहती है: 'अपनी रोटी तू अपना पसीना बहाकर कमा और खा'। करोड़पति भी अगर अपने पलंग पर लोटता रहे और अुसके मुंहमें कोअी खाना डाले तब खाये, तो वह ज्यादा समय तक खा नहीं सकेगा; अिसमें अुसको मजा भी नहीं आयेगा। अिसलिअे वह कसरत वगैरा करके भूख पैदा करता है और खाता तो है अपने ही हाथ-मुंह हिलाकर। अगर यों किसी न किसी रूपमें शरीरके अंगोंकी कसरत राय-रंक सबको करनी ही पड़ती है, तो रोटी पैदा करनेकी कसरत ही सब क्यों न करें? यह सवाल कुदरती तौर पर अुठता है। किसानको हवाखोरी या कसरत करनेके लिअे कोअी कहता नहीं है और दुनियाके ९० फीसदीसे भी ज्यादा लोगोंका निर्वाह खेती पर होता है। बाकीके दस फीसदी लोग अगर अिनकी नकल करें तो जगतमें कितना सुख, कितनी शांति और कितनी तन्दुरुस्ती फैल जाये? और अगर खेतीके साथ बुद्धि भी मिल जाये तो खेतीसे सम्बन्ध रखनेवाली बहुतसी मुसीबतें आसानीसे दूर हो जायेंगी। अिसके सिवा, अगर शरीरकी मेहनतके अिस निरपवाद कानूनको सब मानें तो अूंच-नीचका भेद मिट जाय।

आज जहां अूंच-नीचकी गंध भी नहीं थी वहां भी यानी वर्ण-व्यवस्थामें भी वह घुस गअी है। मालिक-मजदूरका भेद सामान्य और स्थायी हो गया है और गरीब धनवानसे जलता है। अगर सब रोटीके लिअे मजदूरी करें तो अूंच-नीचका भेद न रहे; और फिर भी धनिक वर्ग रहेगा तो वह खुदको धनका मालिक नहीं बल्कि अुसका रखवाला या ट्रस्टी मानेगा और अुसका ज्यादातर अुपयोग सिर्फ लोगोंकी सेवाके लिअे ही करेगा।

जिसे अहिंसाका पालन करना है, सत्यकी भक्ति करनी है, ब्रह्मचर्यको कुदरती बनाना है, अुसके लिअे तो शरीरकी मेहनत रामबाण-सी हो जाती है। यह मेहनत सचमुच तो खेतीमें ही होती है। लेकिन सब खेती नही कर सकते, अैसी आज तो हालत है ही। अिसलिअे खेतीके आदर्शको खयालमें रखकर खेतीके अेवजमें आदमी भले दूसरी मजदूरी करे — जैसे कताअी, बुनाअी, बढ़अीगिरी, लुहारी वगैरा वगैरा। सबको खुदके भंगी तो बनना ही चाहिये। जो खाता है वह टट्टी तो फिरेगा ही। जो टट्टी फिरता है वही अपनी टट्टीको जमीनमें गाड़ दे यह अुत्तम रिवाज है। अगर यह नहीं हो सके तो प्रत्येक कुटुम्ब अपना यह फर्ज अदा करे।

जिस समाजमें भंगीका अलग पेशा माना गया है अुसमें कोअी बड़ा दोष पैठ गया है, अैसा मुझे तो बरसोंसे लगता रहा है। अिस जरूरी और तन्दुरुस्ती बढ़ानेवाले कामको सबसे नीचा काम पहले-पहल किसने माना, अिसका अितिहास हमारे पास नही है। पर जिसने भी माना अुसने हम पर अुपकार तो नहीं ही किया। हम सब भंगी हैं यह भावना हमारे मनमें बचपनसे ही जम जानी चाहिये; और अुसका सबसे आसान तरीका यह है कि जो लोग समझ गये हैं वे शरीरकी मेहनतका आरम्भ अिस पाखाना-सफाअीसे करें। जो समझ-बूझकर, ज्ञानपूर्वक यह करेगा, वह अुसी क्षणसे धर्मको निराले रूपमें और सही तरीकेसे समझने लगेगा।

मंगल-प्रभात, पृ० ४१–४४; १९५९

३

यज्ञका कर्तव्य

हर स्त्री-पुरुष शरीरसे मेहनत करे, अिसे आश्रम अपना धर्म मानता है। अिस अुसूलकी जानकारी या सूझ मुझे टॉल्स्टॉयके अेक लेखसे हुअी। अुन्होंने रूसके अेक लेखक बोन्दरेव्हके बारेमें लिखते हुअे बताया कि रोटी-श्रमकी जरूरत अिन लेखककी अिस युगकी बहुत बड़ी खोजोंमें से अेक थी। अुनका मतलब यह है कि हर तन्दुरुस्त आदमीको अपने गुजारेके लायक शरीर-श्रम करना ही चाहिये। मनुष्यको अपनी बुद्धिकी शक्तिका अुपयोग आजीविका प्राप्त करने या अुससे भी ज्यादा प्राप्त करनेके लिअे नहीं, बल्कि सेवाके लिअे, परोपकारके लिअे करना चाहिये। अिस नियमका पालन सारी दुनिया करने लगे, तो सहज ही सब बराबर हो जायं, कोअी भूखों न मरे और जगत बहुतसे पापोंसे बच जाय।

यह संभव है कि अिस स्वर्ण-नियमका अमल सारी दुनिया कभी न कर सके। नियमको बिना जाने-बूझे तो करोड़ों लोग अुसका पालन जबरदस्तीसे करते हैं। अुनके मन अुनके विरुद्ध चलते हैं, अिसीलिअे वे दुःख पाते हैं और अुनकी मेहनतसे जितना लाभ दुनियाको होना चाहिये अुतना नहीं होता। जो लोग अिस नियमको समझते हैं, अुन्हें अिस ज्ञानसे अिस नियमका पालन करनेका प्रोत्साहन मिलता है। नियमका पालन करनेवाले पर अुसका चमत्कारी असर होता है; क्योंकि अुसे परम शान्ति मिलती है, अुसकी सेवा करनेकी शक्ति बढ़ती है और अुसकी तन्दुरुस्ती भी बढ़ती है।

सत्याग्रह आश्रमका अितिहास, पृ० ४०; १९५९

मैं यह सुझानेका साहस करता हूं कि गीताके तीसरे अध्यायके १२ वें और १३ वें श्लोकोंमें 'यज्ञ' शब्दका अेक ही अर्थ हो सकता है। १४ वां श्लोक अुसे बिलकुल स्पष्ट कर देता है:

अन्नाद् भवन्ति भूतानि पर्जन्याद् अन्न-संभवः।
यज्ञाद् भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्म-समुद्भवः॥
गीता, अ० ३, श्लो० १४

अन्नसे सब प्राणी अुत्पन्न होते हैं। वर्षासे अन्न अुत्पन्न होता है। यज्ञसे वर्षा होती है। और यज्ञकी अुत्पत्ति कर्मसे होती है।

अतअेव मेरी रायमे यहा न केवल शरीर-श्रमके सिद्धांतका प्रतिपादन किया गया है, वल्कि श्रमके अिस सिद्धांतकी स्थापना भी की गअी है कि जव श्रम केवल अपने लिअे न होकर सवके लिअे होता है, तभी वह यज्ञका रूप लेता है। वर्षा वड़े वड़े वौद्धिक कार्योंसे नहीं होती है, परन्तु केवल श्रमके जरिये ही होती है। यह सर्व-सम्मत वैज्ञानिक तथ्य है कि जहां जंगलोके पेड़ काट दिये जाते हैं वहां वर्षा वन्द हो जाती है; और जहां पेड़ लगाये जाते हैं वहा वर्षा खिंच आती है और वनस्पतिकी वृद्धिके साथ ही वर्षाके पानीकी मात्रा भी बढ़ जाती है। कुदरतके कानूनोंकी खोज होना अभी वाकी है। हमने केवल अूपरी सतहको ही छुआ है। शरीर-श्रमके वन्द हो जानेसे जो नैतिक और शारीरिक वुरे परिणाम होते हैं अुन सवको भला कौन जानता है?

यंग अिंडिया, १५-१०-'२५; पृ० ३५५

गीतामें कहा गया है कि "आरम्भमें यज्ञके साथ-साथ प्रजाको अुत्पन्न करके ब्रह्माने अुससे कहा: 'अिस यज्ञके द्वारा तुम्हारी समृद्धि हो; यह यज्ञ तुम्हारी कामधेनु हो, अर्थात् यह तुम्हारे अिच्छित फलोंका देनेवाला हो।' जो यह यज्ञ किये विना खाता है वह चोरीका अन्न खाता है।" "तू अपने पसीनेकी कमाअी खा," यह वाअिवलका वचन है। यज्ञ अनेक प्रकारके हो सकते हैं। अुनमें से अेक श्रमयज्ञ भी हो सकता है। यदि सव लोग अपने ही परिश्रमकी कमाअी खावें, तो दुनियामें अन्नकी कमी न रहे और सवको अवकाशका काफी समय भी मिले। तव न तो किसीको जनसंख्याकी वृद्धिकी शिकायत रहे, न कोअी वीमारी

आये और न मनुष्यको कोअी कष्ट या क्लेश ही सतावे। यह सबसे अूंचे अूंचे प्रकारका यज्ञ होगा। अिसमें सन्देह नहीं कि मनुष्य अपने शरीर या बुद्धिके द्वारा और भी अनेक काम करेंगे, पर अुनका वह सारा श्रम लोककल्याणके लिअे प्रेममूलक श्रम होगा। अुस अवस्थामें न कोअी राव होगा न कोअी रंक, न कोअी अूंचा होगा न कोअी नीचा, न कोअी स्पृश्य रहेगा न कोअी अस्पृश्य।

भले ही यह अेक अलभ्य आदर्श हो, पर अिस कारणसे हमें अपना प्रयत्न बन्द कर देनेकी जरूरत नहीं है। यज्ञके संपूर्ण नियमको अर्थात् अपने 'जीवनके नियम' को पूरा किये बिना भी अगर हम अपने नित्यके निर्वाहके लिअे पर्याप्त शारीरिक श्रम करें, तो भी अुस आदर्शके बहुत कुछ निकट पहुंच ही जायंगे।

यदि हम अैसा करेंगे तो हमारी आवश्यकतायें बहुत कम हो जायंगी और हमारा भोजन भी सादा बन जायगा। तब हम जीनेके लिअे खायेंगे, न कि खानेके लिअे जियेंगे। अिस बातकी यथार्थतामें जिसे शंका हो वह अपने परिश्रमकी कमाअी खानेका प्रयत्न करे। अपने पसीनेकी कमाअी खानेमें अुसे कुछ और ही स्वाद मिलेगा, अुसका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और अुसे यह मालूम हो जायगा कि जो बहुतसी विलासकी चीजें अुसने अपने अूपर लाद रखी थीं, वे सब बिलकुल फिजूल थीं।

हरिजनसेवक, ५-७-'३५; पृ० १६०

४

यज्ञका तत्त्वज्ञान

यज्ञका अर्थ है लौकिक अथवा पारलौकिक किसी भी प्रकारके फलकी आकांक्षा रखे विना दूसरोंके हितके लिअे किया गया कर्म। 'कर्म' शब्दका अुपयोग यहा व्यापकसे व्यापक अर्थमें लेना चाहिये; अुसमें कायिक, मानसिक और वाचिक — प्रत्येक प्रकारके कर्मका समावेश माना जाना चाहिये। 'दूसरों' से केवल मनुष्य-वर्गका नही बल्कि जीवमात्रका आशय है।

यज्ञकी अुपरोक्त व्याख्याके अनुसार जिस कर्मसे ज्यादासे ज्यादा जीवोका अधिकसे अधिक विशाल क्षेत्रमें कल्याण हो और जिसे ज्यादासे ज्यादा स्त्री-पुरुष बहुत आसानीसे कर सकें, अुस कर्मको अुत्तम यज्ञ कहा जायगा। अिसलिअे तथाकथित अुच्चतर ध्येयके लिअे भी किसी दूसरेका अकल्याण सोचना या करना महायज्ञ होना तो दूर, यज्ञ भी नही है। और गीता सिखाती है तथा हमारा अनुभव बतलाता है कि यज्ञरूप कर्मके सिवा दूसरे कर्म मनुष्यको बंधनमें बाधते हैं।

अैसे यज्ञके अभावमें जगत अेक क्षणके लिअे भी टिक नहीं सकता और अिसीलिअे गीता दूसरे अध्यायमें ज्ञानका विवेचन करनेके बाद तीसरे अध्यायमें अुसकी प्राप्तिके अुपायोंका वर्णन करती है और स्पष्ट शब्दोमें कहती है कि यज्ञके साथ ही प्रजाकी सृष्टि हुअी है। अिसलिअे यह शरीर हमें सारी सृष्टिकी सेवाके लिअे ही दिया गया है। और यही कारण है कि गीता कहती है: 'जो यज्ञ किये विना खाता है वह चोरीका अन्न खाता है।' शुद्ध जीवन जीनेकी अिच्छा रखनेवाले व्यक्तिका हरअेक कर्म यज्ञरूप होना चाहिये।

हमारा जन्म यज्ञके साथ हुआ है, अिसलिअे हमारी स्थिति जीवन-भर अृणीकी रहती है और अिसलिअे हम हमेशा जगतकी सेवा करनेके

लिअे बंधे हुअे हैं। और जिस तरह कोअी गुलाम अपने स्वामीसे — जिसकी वह सेवा करता है — अन्न-वस्त्रादि पाता है, अुसी तरह हमें भी जगतका स्वामी जो कुछ दे अुसे आभारपूर्वक स्वीकार कर लेना चाहिये। अुससे हमें जो कुछ मिले वह अुसका हमें दिया हुआ दान है; क्योंकि ऋणीकी तरह अपने कर्तव्यका पालन करनेके लिअे हम अुसके अेवजमें कुछ भी पानेके अधिकारी नहीं हैं। अिसलिअे यदि हमें वह न मिले तो हम अपने स्वामीको दोष नहीं दे सकते। हमारा शरीर अुसका है; अुसे वह अपनी अिच्छाके अनुसार चाहे रखे, चाहे न रखे।

यह स्थिति अैसी नहीं है कि अुसकी शिकायत की जाय या अुस पर खेद किया जाय। अुलटे, यदि विधाताके विधानमें हमारा अपना स्थान हम समझ ले तो हमें वह स्थिति स्वाभाविक, सुखद और अिष्ट मालूम होगी। अिस परम सुखका अनुभव करनेके लिअे अविचल श्रद्धाकी आवश्यकता है। 'अपने विषयमें कोअी चिंता मत करो, सब चितायें परमेश्वरको सौंप दो' — यह आदेश सब धर्मोंमें दिया गया दीखता है।

अिससे किसीको डरनेका कोअी कारण नहीं है। जो स्वच्छ मनसे सेवाकार्यमें लग जाता है अुसे अुसकी आवश्यकता दिन-प्रतिदिन स्पष्ट होती जाती है और अुसकी श्रद्धा भी अुसी प्रमाणमें बढ़ती जाती है। जो स्वार्थ छोड़नेके लिअे और मनुष्य-जन्मके साथ मिले हुअे अिस कर्तव्यका पालन करनेके लिअे तैयार नहीं है, वह सेवामार्ग पर नहीं चल सकता। जाने-अनजाने हम सब कुछ-न-कुछ निःस्वार्थ सेवा करते ही हैं। यही सेवा हम विचारपूर्वक करने लगें तो हमारी पारमार्थिक सेवाकी वृत्ति अुत्तरोत्तर बढ़ती जाये; और न केवल हमें सच्चे सुखकी प्राप्ति हो, परन्तु जगतका भी कल्याण हो।

फ्रॉम यरवडा मन्दिर, पृ० ५३–५६; १९५७

५

व्यवहारमें यज्ञ

दिनके चौबीसों घण्टे कर्तव्यका पालन करना या सेवा करना यज्ञ है। निष्काम सेवा करना जिस प्रकार दूसरों पर नहीं बल्कि स्वयं अपने पर कृपा करना है, अुसी प्रकार जब हम ॠणका भुगतान करते हैं तो हम अपनी ही सेवा करते हैं, अपने बोझको हलका करते है और अपने कर्तव्यको पूरा करते है। अिसके सिवा, न केवल भले लोग बल्कि हम सब अपनी साधन-सामग्रीको मानव-जातिकी सेवामें लगानेके कर्तव्यसे बंधे हुअे है। और यदि अैसा कानून है—जैसा कि वह स्पष्ट रूपमें है ही—तो जीवनमें फिर भोगका कोअी स्थान नहीं रहता और अुसका स्थान त्याग ले लेता है। त्यागका कर्तव्य ही मानव-जातिकी विशेषता है; पशुसे अुसके भेदका सूचक है।

लेकिन त्यागका अर्थ यहां संसारको छोड़कर अरण्यमें वास करना नहीं है। अुसका अर्थ यह है कि जीवनकी तमाम प्रवृत्तियोंमें त्यागकी भावना होनी चाहिये। कोअी गृहस्थ जीवनको भोगरूप न मानकर कर्तव्यरूप माने, तो अिससे अुसका गृहस्थपन मिट नही जाता। यज्ञार्थ व्यापार करनेवाला व्यापारी करोड़ोंका व्यापार करते हुअे भी लोक-सेवाका ही विचार करेगा। वह किसीको धोखा नही देगा, सट्टा नही करेगा, सादगीसे रहेगा, किसी जीवको कष्ट नही देगा और किसीका नुकसान करनेके बजाय खुद करोड़ोंका नुकसान सह लेगा। कोअी यह कहकर अिस बातकी हंसी न अुड़ाये कि अैसा व्यापारी केवल मेरी कल्पनामे ही है। दुनियाका सौभाग्य है कि अैसे व्यापारी पूर्वमे भी है और पश्चिममें भी है। यह सच है कि अैसे व्यापारी अुंगलियों पर गिने जा सकते हैं, लेकिन यदि अुक्त आदर्शको प्रगट करनेवाला अेक भी जीवित नमूना हो तो फिर अुसे काल्पनिक नही कह सकते। और यदि हम अिस प्रश्नकी

गहराअीमें जायें तो जीवनके हर क्षेत्रमें हमें अैसे मनुष्य मिलेंगे जो समर्पणका जीवन बिताते हैं। अिसमें सन्देह नहीं कि अैसे याज्ञिक अपना धंधा करते हुअे अपनी आजीविका भी कमाते हैं। लेकिन वे धंधा आजीविकाके लिअे नहीं करते, आजीविका अुनके धंधेका गौण फल है।

यज्ञमय जीवन कलाकी पराकाष्ठा है; अुसीमें सच्चा रस और सच्चा आनन्द है। जो यज्ञ बोझरूप मालूम हो वह यज्ञ नहीं है। जिस त्यागसे कष्ट मालूम हो वह त्याग नहीं है। भोग नाशकी ओर ले जाता है और त्याग अमरताकी ओर। रस कोअी स्वतंत्र वस्तु नहीं है। वह तो जीवनके प्रति हमारे रुख पर निर्भर करता है। किसीको नाटकके परदों पर चित्रित दृश्योंमें रस मिलता है, तो दूसरेको आकाशमें प्रगट होनेवाले नित्य-नये दृश्योंमें। अिसलिअे रस वैयक्तिक और राष्ट्रीय तालीमका विषय है। हमें बचपनमें जिन चीजोंमें रस लेना सिखाया गया हो अुनमें ही हमें रस मिलता है। और किसी अेक राष्ट्रकी प्रजाको जो वस्तु रसमय मालूम होती है, वही किसी दूसरे राष्ट्रकी प्रजाको रसहीन मालूम होती है। अिस बातके अुदाहरण तो आसानीसे दिये जा सकते हैं।

फिर, यज्ञ करनेवाले कअी सेवक अैसा मानते हैं कि हम निष्काम-भावसे सेवा करते हैं, अिसलिअे हमें लोगोंसे जरूरी और बहुतसी गैर-जरूरी चीजें भी लेनेकी छूट है। यह विचार सेवकके मनमें ज्यों ही आता है त्यों ही वह सेवक नहीं रह जाता; तब वह अत्याचारी शासक बन जाता है।

जो सेवा करना चाहता हो अुसे अपनी सुविधाओंका विचार नहीं करना चाहिये। अपनी सुविधाओंका विचार तो वह अपने स्वामीको —अीश्वरको— सौंप देता है। अीश्वरकी अिच्छा होगी तो वह देगा, न होगी तो नहीं देगा। अिसलिअे सेवक जो कुछ अुसे मिले सो सब अपने अुपयोगके लिअे नहीं रख लेगा; अपने लिअे वह अुसमें से अुतना ही लेगा जितनेकी अुसे सचमुच जरूरत है। बाकीका वह त्याग करेगा।

अुसे असुविधायें अुठानी पड़ें तो भी वह शांत रहेगा, क्रोध नहीं करेगा और अपना चित्त स्वस्थ रखेगा। अुसकी सेवाका पुरस्कार, सद्‌गुणकी तरह, सेवा करनेका सुख ही है और अुसीमें वह सन्तोष मानेगा।

अिसके सिवा, सेवाकार्यमें किसी तरहकी लापरवाही या देर नही चल सकती। जो आदमी यह समझता है कि सावधानी और परिश्रमकी आवश्यकता तो सिर्फ अपना व्यक्तिगत कार्य करनेमें है, नि.शुल्क किया जानेवाला सार्वजनिक कार्य अपनी सुविधाके अनुसार जब करना हो तब और जिस तरह करना हो अुस तरह किया जा सकता है, कहना चाहिये कि वह यज्ञका क-ख-ग भी नही जानता। दूसरोंकी स्वेच्छापूर्वक की जानेवाली सेवा अपनी पूरी शक्ति लगाकर की जानी चाहिये; यह सेवा पहले और अपना निजी कार्य बादमें — यही सेवकका सूत्र होना चाहिये। साराश यह कि शुद्ध यज्ञ करनेवालेका अपना कुछ बाकी नही रहता; वह सब कृष्णार्पण कर देता है।

फ्रॉम यरवडा मन्दिर, पृ० ५७–६०; १९५७

प्रश्न — जिसे टॉल्स्टॉय 'रोटीके लिअे श्रम करना' कहते हैं, अुसके बारेमें आपका क्या अभिप्राय है? क्या आप शरीर-श्रम करके अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं?

अुत्तर — सच पूछा जाय तो 'रोटीके लिअे श्रम करना' ये शब्द टॉल्स्टॉयके हैं ही नही। अुन्होंने दूसरे अेक रूसी लेखक बोन्दरेव्हसे अुन्हें ग्रहण किया था, और अुनका अर्थ यह है कि हरअेकको रोटी पानेके लिअे काफी शारीरिक मेहनत करनी चाहिये। अिसलिअे आजीविकाका विशाल अर्थ करने पर यह आवश्यक नही है कि शारीरिक मेहनत करके ही आजीविका प्राप्त की जाय। लेकिन हर आदमीको कुछ न कुछ अुपयोगी शरीर-श्रम अवश्य करना चाहिये। अभी तो मैं शरीर-श्रम सिर्फ कातनेमें ही करता हूं। यह तो शरीर-श्रमका अेक प्रतीकमात्र है। मैं काफी

शरीर-श्रम नहीं कर रहा हूं। और यह भी अेक कारण है कि मैं अपनेको मित्रोंके दान पर जीनेवाला कहता हूं। लेकिन मैं यह भी मानता हूं कि हरअेक राष्ट्रमें अैसे मनुष्योंकी आवश्यकता है, जो अपना शरीर, मन और आत्मा सब कुछ राष्ट्रको अर्पण कर देते हैं और जिन्हें अपनी आजीविकाके लिअे दूसरे मनुष्यों पर अर्थात् अीश्वर पर आधार रखना पड़ता है।

हिन्दी नवजीवन, ५-११-'२५; पृ० ९५

६

बौद्धिक श्रम

मनुष्य अपने बौद्धिक श्रमकी कमाअी क्यों न खायें? नहीं, यह ठीक नहीं है। शरीरकी आवश्यकताओंकी पूर्ति शारीरिक श्रमसे ही होनी चाहिये।

केवल मस्तिष्कका, अर्थात् बौद्धिक, श्रम तो आत्माके प्रीत्यर्थ है और वह स्वतः संतोषरूप है। अुसमें पारिश्रमिक मिलनेकी अिच्छा नहीं करनी चाहिये। अुस आदर्श अवस्थामें डॉक्टर, वकील आदि पूर्णतः समाजके हितके लिअे ही काम करेंगे, अपने लिअे नहीं। शारीरिक श्रमके नियम पर चलनेसे समाजमें अेक शांतिमय क्रांति पैदा होगी। जीवन-संग्रामके स्थान पर पारस्परिक सेवाकी प्रतिस्पर्धा स्थापित करनेमें मनुष्यकी विजय होगी। पाशविक नियमका स्थान मानवीय नियम ले लेगा।

हरिजनसेवक, ५-३-'३५; पृ० १६०

मुझे गलत नहीं समझा जाये। मैं बौद्धिक श्रमके मूल्यकी अवगणना नहीं करता हूं; लेकिन बौद्धिक श्रम कितनी ही मात्रामें क्यों न किया जाय, अुससे शरीर-श्रमकी थोड़ी भी क्षतिपूर्ति नहीं होगी, जो कि हममेंसे

हरअेक सबकी भलाअीके लिअे करनेको पैदा हुआ है। बौद्धिक श्रम शरीर-श्रमसे निश्चित रूपमें श्रेष्ठ हो सकता है, अकसर होता है, लेकिन वह शरीर-श्रमका स्थान कभी नही लेता और न कभी ले सकता है; जैसे बौद्धिक भोजन हम जो अन्न खाते है अुसकी अपेक्षा कहीं ज्यादा अुत्तम है, परन्तु वह अन्नका स्थान कभी नही ले सकता। सचमुच, पृथ्वीकी अुपजके अभावमें बुद्धिकी अुपज होना असंभव है।

यंग अिंडिया, १५–१०–'२५; पृ० ३५५–५६

प्रश्न — हम किसी रवीन्द्रनाथ या रमनके शरीर-श्रम करके ही रोटी कमाने पर जोर क्यों दें? क्या यह अुनकी दिमागी ताकतकी निरी बरबादी न होगी? दिमागी काम करनेवालोंको अंग-मेहनत करने-वालोंके बराबर ही क्यों न समझा जाय; क्योंकि दोनो ही समाजको फायदा पहुंचानेवाला काम करते हैं?

अुत्तर — दिमागी काम भी अपना महत्त्व रखता है और जीवनमें अुसका निश्चित स्थान है। लेकिन मैं तो शरीर-श्रमकी जरूरत पर जोर देता हूं। मेरा यह दावा है कि अुस फर्जसे किसी भी मनुष्यको छुटकारा नही मिलना चाहिये। अिससे मनुष्यके दिमागी कामकी अुन्नति ही होगी। मैं तो यहा तक कहनेकी हिम्मत करता हूं कि पुराने जमानेमें हिन्दुस्तानके ब्राह्मण बौद्धिक और शारीरिक दोनों काम करते थे। वे चाहे न भी करते हों, लेकिन आज तो शारीरिक कामकी जरूरत सिद्ध हो चुकी है। अिस सिलसिलेमे मैं आपको टॉल्स्टॉयके जीवनका हवाला देते हुअे यह बताना चाहूंगा कि अुन्होंने रूसी किसान बोन्दरेव्हके शारीरिक कामके सिद्धान्तको किस प्रकार मशहूर किया।

हरिजनसेवक, २३–२–'४७; पृ० २८

"तो श्रम और संस्कृतिको क्या हम अलग नहीं कर सकते?"

"नहीं, प्राचीन रोमवासियोंने अैसा करनेका प्रयत्न किया था, पर वे बुरी तरह असफल हुअे। बिना श्रमकी संस्कृति या वह संस्कृति जो

श्रमका फल नहीं है, अेक रोमन कैथलिक लेखकके अनुसार, नाशकारक ही है। रोमनिवासी भोग-विलासमें पड़कर नष्ट हो गये, अुनकी संस्कृतिका नाम-निशान भी नहीं रहा। सिर्फ लिख और पढ़कर या सारे दिन व्याख्यान देकर मनुष्य अपनी मानसिक शक्तियोंको विकसित नहीं कर सकता। मैंने जितना कुछ पढा है वह जेलमें मिली हुअी फुरसतके वक्तमें पढ़ा है। अुस पढाअीसे मुझे अिसीलिअे लाभ हुआ कि मैंने यों ही अूट-पटांग तरीकेसे नहीं, बल्कि किसी प्रयोजनसे ही पढ़ा था। हालांकि मैंने लगातार आठ आठ घंटे महीनों शारीरिक श्रम किया है, तो भी मैं समझता हूं कि मेरी मानसिक शक्ति अुससे कुछ कम नहीं हुअी। मैं अकसर दिनमें चालीस चालीस मील चला हूं, तब भी मुझे कोअी शिथिलता मालूम नहीं हुअी।"

"लेकिन आपकी तो मानसिक शक्ति ही अिस प्रकारकी है।"

"नहीं, यह बात नहीं है। आपको मालूम नहीं कि मैं स्कूलमें और अिंग्लैण्डमें भी अेक औसत दरजेका विद्यार्थी था। किसी सभा-सोसायटी या निरामिषाहारियोंकी जमात तकमें बोलनेका मेरा साहस नहीं होता था। आप यह कल्पना न कर बैठें कि अीश्वरने मुझे कोअी असाधारण शक्ति दी है। मेरा खयाल है कि अीश्वरने अुस समय मुझे बहुत बोलनेकी शक्ति न देकर अच्छा ही किया। आपको जानना चाहिये कि हम लोगोंमें सबसे कम अगर किसीने पढ़ा है तो वह मैं हूं।"

हरिजनसेवक, १-८-'३६; पृ० १९२

अेक मुलाकातीने गांधीजीसे पूछा कि कर्मयोग पर आपका अनुचित आग्रह भले न हो, पर क्या आप अुस पर जरूरतसे ज्यादा जोर नहीं दे रहे हैं? गांधीजीने अिसका यह जवाब दिया:

"नहीं, यह बात बिलकुल नहीं है; मैंने जो भी पढ़ा है अुसका हमेशा यही अर्थ लिया है। अिसमें कोअी अत्युक्ति नहीं है। कर्मयोग पर जरूरतसे ज्यादा जोर देनेकी बात तो कभी हो ही नहीं सकती।

मै तो गीताके सिखाये हुअे सन्देशको ही दोहरा रहा हूं, जिसमें भगवान कृष्णने कहा है:

> यदि ह्यहं न वर्तेयं जातु कर्मण्यतन्द्रितः।
> मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः॥

अर्थात् मै सतत जाग्रत रहकर कर्म न करूं, तो सारे मनुष्य मेरा अनुकरण करने लग जायंगे। क्या मैंने व्यवसायी लोगोंसे यह प्रार्थना नही की कि वे खुद चरखा चलाकर हमारे तमाम देशवासियोके सामने अेक सुन्दर अुदाहरण रखे?"

"भगवान वुद्धकी तरह आपको कोअी मनुष्य मिले, तो क्या अुससे भी आप यही वात कहेगें?"

"अवश्य, अिसमे मुझे जरा भी हिचकिचाहट नही होगी।"

"तो फिर तुकाराम और ज्ञानदेव जैसे महान संतोके विषयमें आप क्या कहेगे?"

"अुनके सम्वन्धमें विवेचन करनेवाला मै होता कौन हूं?"

"पर बुद्धके सम्वन्धमे आप अैसा करेंगे?"

"अैसा मैंने कभी नही कहा। मैंने तो सिर्फ यह कहा है कि अगर वुद्धकी कोटिके किसी मनुष्यसे प्रत्यक्ष मिलनेका मुझे सद्भाग्य प्राप्त हो, तो मै अुससे यह कहनेमे जरा भी संकोच न करूंगा कि वह ध्यानयोगके स्थान पर कर्मयोगकी पुष्टि करे। अिन महान संतोंसे यदि मेरा मिलना हो, तो अिनसे भी मै यही बात कहूंगा।"

हरिजनसेवक, २–११–'३५; पृ० २९८–९९

७

फुरसतकी समस्या

अेक मित्रने गांधीजीसे पूछा : "लोगोंको फुरसतका समय मिलना चाहिये या नहीं, अिसका तो आप सवाल ही नहीं करते। गरीब लोग बहुत ज्यादा मेहनत-मशक्कत करते रहेंगे, तो अुन्हें मानसिक विचार द्वारा बुद्धिको बढ़ाने और मनोरंजन द्वारा आनन्द प्राप्त करनेके लिये समय ही नहीं मिलेगा। पर आप तो अुन्हें और ज्यादा काम करनेकी ही शिक्षा दे रहे हैं।"

"सचमुच? मैं जिन लोगोंके बारेमें सोच रहा हूं, अुनके पास तो अितनी फुरसत है कि अुन बेचारोंको समझमें ही नहीं आता कि अुसका क्या अुपयोग करें। अिस फुरसतके ही कारण अुनमें अैसी सुस्ती आ गअी है, जिसने अुन्हें निर्जीव पत्थरके समान जड़ बना दिया है। अुनमें अितनी जड़ता आ गअी है कि कितने ही लोग तो जरा-सा हिलना-डुलना भी नहीं चाहते।"

"जहां जरूरत हो वहां आप लोगोंको जरूर काम पर लगाअिये। पर आप तो अुनसे अपने हाथों अपने चावल और अनाजकी कुटाअी-पिसाअी करनेके लिअे भी कहते हैं। क्या यह अुनसे सूखा, नीरस काम करानेकी बात नहीं है?"

"अुन्हें आलस्यमें अपना समय बिताना जितना नीरस मालूम होता है अुससे ज्यादा नीरस यह काम नहीं है। और जब वे यह समझ जायेंगे कि जिससे हमें न सिर्फ कुछ पैसोंकी कमाअी ही हो जाती है, बल्कि जिससे हमारी और हमारे देशवासियोंकी तन्दुरुस्ती भी ठीक रहती है, तो अुन्हें यह काम नीरस नहीं लगेगा। आधुनिक कल-कारखानोंमें काम करनेसे ज्यादा नीरस तो निश्चय ही यह काम नहीं है। अैसी हाल

कितना ही नीरस क्यों न हो, अगर मनुष्यको अुसमें यह समझनेका आनन्द मिल सकता हो कि मैंने कुछ निर्माण किया है, तो अुसे वह नीरस नही लगेगा। आप किसी जूतोंके कारखानेमें जाअिये। वहां कुछ आदमी जूतोके तले वना रहे होंगे, कुछ अूपरी हिस्से और कुछ अन्य काम कर रहे होंगे। वह काम नीरस मालूम देगा, क्योंकि वे लोग वुद्धि लगाकर काम नहीं करते। लेकिन जो मोची या चमार स्वयं पूरा जूता वनाता है अुसे अपना काम जरा भी नीरस नहीं मालूम पड़ेगा। क्योंकि अुसके काम पर अुसकी कुशलताकी छाप होगी और अुसे अिस वातका आनन्द होगा कि अपने हाथों मैंने कोअी चीज वनाअी है। कौन काम किस भावनासे किया जाता है, अिसका वहुत असर पड़ता है। अपने व्यवहारके लिअे पानी भरने और लकड़ी चीरनेमें मुझे कोअी आपत्ति न होगी, वशर्ते कि किसीकी जोर-जवरदस्तीसे नही वल्कि अपनी वुद्धिसे सोच-समझकर मैं अैसा करूं। कोअी भी श्रम क्यों न हो, अगर वह बुद्धिपूर्वक और किसी अूचे अुद्देश्यको सामने रखकर किया जाय तो वह अुत्पादक वन जाता है और अुससे आनन्द भी प्राप्त होता है।"

"लेकिन जव आप सारे दिन मनुष्यके शारीरिक श्रम करते रहने पर ही जोर देते हैं, तव क्या अुसकी वुद्धिको जड़ वनानेका जोखिम आप अपने अूपर नही ले रहे है? आप दिनभरमें कितने घंटेका शारीरिक श्रम आवश्यक समझते है?"

"मुझे खुदको तो आठ घंटे काम करनेमें कोअी आपत्ति नहीं होगी।"

"मै आपकी वात नहीं करता। आप तो आठ घंटे चरखा कातकर भी आनन्द प्राप्त कर सकते है, यह मै जानता हूं। पर आपकी वात तो अपवादरूप है। क्योंकि आपमें तो अितनी वुद्धि और अुत्पादक शक्ति है कि वाकीके समयमें भी आप अुनका वहुत कुछ अुपयोग कर सकते है।"

"नही, मैं तो चाहता हूं कि प्रत्येक व्यक्ति आठ घंटे मेहनत करके आनन्द प्राप्त करे। सब कुछ काम करनेकी भावना पर निर्भर है। आठ घंटे लगनके साथ शुद्ध शारीरिक श्रम करनेके बाद भी बौद्धिक कामोके लिअे काफी समय बच रहता है। मेरा अुद्देश्य तो जड़ता और आलस्यको दूर करना है। जब मैं संसारको यह कह सकूंगा कि भारतका हरअेक ग्रामवासी अपने पसीनेसे २० रुपया महीना कमा रहा है, तब मुझे परम संतोष प्राप्त होगा।"

हरिजनसेवक, २२-३-'३५; पृ० ३३-३४

कुछ समय पहले मैंने श्री अेल० पी० जैक्सकी 'फुरसतके समय' की यह परिभाषा दी थी: "मनुष्यके जीवनका वह भाग जिसमें अुनकी आत्मा पर अधिकार जमानेके लिअे घोर देवासुर-संग्राम होता है," और अुनके दिये हुअे आंकड़ो परसे यह दिखानेका प्रयत्न किया था कि फुरसतके समयका विज्ञान और कला कितनी कठिन है। श्री बर्ट्रेण्ड रसेल, जो प्रत्येक नागरिकके लिअे काफी फुरसतका समय निश्चित करा देनेके लिअे बहुत चिन्तित है, सिर्फ चार घंटेका शरीर-श्रम रखना चाहते है। लेकिन अुस दिन गांधीजीसे बात करते हुअे अेक आदरणीय मित्रने आश्चर्यचकित होकर कहा: "क्या फुरसतके समयका प्रश्न सचमुच अितना मुश्किल है? आठ घंटे रोजके शारीरिक श्रम पर आप क्यों जोर देते हैं? अेक सुव्यवस्थित समाजमें क्या यह संभव नहीं कि केवल दो घंटे रोज शारीरिक श्रम कराया जाय और बौद्धिक तथा कलात्मक प्रवृत्तियोंके लिअे काफी फुरसतका समय छोड़ दिया जाय?"

"हम यह जानते हैं कि श्रमजीवी और मानसिक श्रम करनेवाले दोनों ही वर्गके लोग, जिन्हें कि यह सब फुरसतका समय मिलता है, अुसका अच्छेसे अच्छा अुपयोग नहीं करते। सच पूछो तो हमने भी अक्सर 'खाली दिमाग शैतानका घर' की कहावत ही चरितार्थ होते देखी है।"

"नहीं, फुरसतका समय हम बेकार नहीं जाने देंगे। मान लीजिये, हम दिनमें दो घंटे तो शारीरिक श्रम करें और छह घंटे मानसिक श्रम, तो क्या यह राष्ट्रके लिअे हितकर न होगा?"

"मैं नहीं जानता कि आपकी अिस योजना पर कहां तक अमल हो सकेगा। मैंने अिसका हिसाब लगाकर तो नहीं देखा, पर अगर कोअी मनुष्य मानसिक श्रम राष्ट्रके लिअे नहीं बल्कि केवल अपने लाभके लिअे करेगा, तो मुझे अिसमें सन्देह नहीं कि यह योजना विफल ही होगी। हां, सरकार अुसके दो घंटेके शरीर-श्रमके लिअे अुसे काफी मजदूरी दे दे और फिर अुसे बगैर कुछ दिये दूसरा काम करनेके लिअे मजबूर करे, तो अलबत्ता वह अेक अच्छी चीज हो सकती है। पर वह तो सरकारकी अैसी जोर-जबरदस्तीकी आज्ञासे ही हो सकता है, जो सब पर अेकसी लागू हो।"

"अुदाहरणके लिअे, आप अपनेको ही ले लीजिये। आप आठ घंटेका शारीरिक श्रम तो रोज कर नहीं सकते। आठ घंटे या अिससे भी ज्यादा आपको मानसिक श्रम करना पड़ता है। आप अपने फुरसतके समयका दुरुपयोग तो नहीं करते?"

"यह तो अनिवार्य रूपसे करना पड़ता है। फुरसत अिसमें कहां है? अिस फुरसतमें मैं टेनिस वगैरा खेलने तो नहीं जाता। लेकिन अपने अुदाहरणको लेकर मैं आपसे यह कहूंगा कि अगर हम अपने हाथसे आठ घंटे रोज मेहनत करते होते, तो हमारी मानसिक शक्तियोंका अितना अच्छा विकास होता कि जिसकी कोअी हद नहीं। हमारे मनमें अेक भी निरर्थक विचार न अुठता। यह बात नहीं कि मेरा मन निरर्थक विचारोंसे अेकदम मुक्त हो गया है। आज भी मेरी जो कुछ प्रगति है, वह अिस कारण है कि अपने जीवनमें बहुत पहले मैंने श्रमका महत्त्व जान लिया था।"

"पर अगर शरीर-श्रमकी स्वभावतः अैसी महिमा है, तो हमारे यहांके लोग तो आठ घंटेसे भी ज्यादा मेहनत करते हैं। पर अिसका

अुनकी मानसिक पवित्रता या दृढ़ता पर अैसा कोअी अुल्लेखनीय असर तो पड़ा नही है?"

"केवल शारीरिक या मानसिक श्रम अपने आपमें कोअी शिक्षा नहीं है। पर हमारे देशके लोग बिना समझे-बूझे जड़ यन्त्रकी तरह सख्तसे सख्त मेहनत किये जाते है और जिससे अुनकी सूक्ष्म सहज बुद्धि निष्प्राण हो जाती है। यहीं मेरी सवर्ण हिन्दुओंसे जबरदस्त शिकायत है। श्रमजीवी वर्गके लोगोंको अुन्होंने जो काम दिया है वह नग्न और जलील मेहनतका है, जिसमें न तो अुन्हे कोअी आनन्द मिलता है और न कोअी दिलचस्पी ही होती है। अगर समाजमें वे सवर्ण हिन्दुओंकी बराबरीके समझे जाते, तो जीवनमें अुनका स्थान आज सबसे अधिक गौरवका होता। यह युग तो 'कलियुग' समझा जाता है। सत्ययुगमें — यह मै कह सकता हूं — हमारे समाजकी व्यवस्था वर्तमान युगसे कही अच्छी थी। हमारे प्राचीनतम देशमें कितनी ही सभ्यताअें आअी और चली गअी। अिसी-लिअे यह ठीक-ठीक कहना कठिन है कि किसी खास युगमें हमारी कैसी स्थिति थी। लेकिन अिसमें तो जरा भी शक नही कि हमारी यह हालत शूद्रोंके प्रति कअी सदियोंसे अुपेक्षाका भाव रखनेसे ही हुअी है। आज गावोंकी संस्कृति — अगर अुसे संस्कृति कहा जा सके — अेक भयंकर संस्कृति है। गांवके लोग आज जानवरोंसे भी बदतर हालतमें रहते हैं। प्रकृति जानवरोंको काममें लगाने और स्वाभाविक रीतिसे रहनेके लिअे मजबूर करती है। पर हमने अपने श्रमजीवी वर्गोंको गुलामकर अितना नीचे गिरा दिया है कि वे प्राकृतिक रीतिसे न तो काम कर सकते हैं और न रह ही सकते है। अगर वे लोग बुद्धिका अुपयोग करके समझकर काम करते, तो हमारी हालत आज कुछ दूसरी ही होती।"

[श्री महादेव देसाअीके 'साप्ताहिक पत्र' नामक लेखसे;
हरिजनसेवक, १-८-'३६; पृ० १९१-९२

८

श्रमकी प्रतिष्ठा

आप पूछ सकते है: "हमें अपने हाथोंका अुपयोग क्यो करना चाहिये?" और कह सकते हैं: "शारीरिक कार्य तो जो अपढ़ हैं अुनसे करवाया जाना चाहिये। मैं तो केवल साहित्य और राजनीतिक लेखोंके पठनमे अपनेको व्यस्त रख सकता हू।" मैं सोचता हूं कि हमें श्रमकी प्रतिष्ठाको पहचानना है। अगर अेक नाअी या चमार कॉलेजमें जाता है, तो अुसे नाअी या चमारका धन्धा छोड़ नही देना चाहिये। मैं मानता हूं कि नाअीका धन्धा अुतना ही अच्छा और अुपयोगी है जितना कि डॉक्टरका धन्धा है।

स्पीचेज़ अेण्ड राअिटिंग्ज ऑफ महात्मा गाधी, पृ० ३८९; १९३३

हमारे देशकी भयंकर गरीबी और बेकारी देखकर सचमुच कअी बार मुझे रुलाअी तक आ गअी है। मगर साथ ही मुझे यह भी स्वीकार करना पड़ता है कि हमारा अज्ञान और लापरवाही अिसके लिअे बहुत हद तक जिम्मेवार है। हम असलमें यह जानते ही नहीं कि मेहनत करना कितने गौरवकी चीज है। मिसालके तौर पर, अेक चमार सिवा जूते बनानेके और कोअी काम करना पसन्द नही करेगा; वह समझता है कि और सब काम नीचे हैं। यह गलत खयाल दूर हो जाना चाहिये। जो अीमानदारीके साथ अपने हाथ-पैरोसे काम लेना चाहते हैं, अुनके लिअे हिन्दुस्तानमें काफी काम पड़ा हुआ है। परमात्माने हरअेक आदमीको अैसी शक्ति और बुद्धि दे रखी है जिसकी मददसे वह अितना पैदा कर सकता है कि अुसके खाते-खाते भी बच जाय। और जो भी अपने अिन गुणोसे काम लेना चाहेगा अुसे काम तो मिल ही जायगा। अीमानदारीके साथ अपनी रोजी कमानेकी अिच्छा रखनेवालेके लिअे

कोअी भी काम नीच नहीं है। सवाल यह है कि आदमी खुद अीश्वरके दिये हुअे हाथ-पैर हिलानेको तैयार है या नहीं?

हरिजनसेवक, १९-१२-’३६; पृ० ३४५-४६

श्रम और बुद्धिके बीच जो अलगाव हो गया है, अुसके कारण हम अपने गांवोंके प्रति अितने लापरवाह हो गये हैं कि वह अेक गुनाह ही माना जा सकता है। नतीजा यह हुआ है कि देशमें जगह-जगह सुहावने और मनभावने छोटे-छोटे गांवोंके बदले हमें घूरे जैसे गांव देखनेको मिलते हैं। बहुतसे या यों कहिये कि करीब-करीब सभी गांवोंमें घुसते समय जो अनुभव होता है, अुससे दिलको खुशी नहीं होती। गांवके बाहर और आसपास अितनी गंदगी होती है और वहां अितनी बदबू आती है कि अक्सर गांवमें जानेवालेको आंख मूंदकर और नाक दबाकर ही जाना पड़ता है। ज्यादातर कांग्रेसी गांवके बाशिन्दे होने चाहियें; अगर अैसा हो तो अुनका फर्ज हो जाता है कि वे अपने गांवोंको सब तरहसे सफाअीके नमूने बनायें। लेकिन गांववालोंके हमेशाके यानी रोज-रोजके जीवनमें शरीक होने या अुनके साथ घुलने-मिलनेको अुन्होंने कभी अपना कर्तव्य माना ही नहीं। हमने राष्ट्रीय या सामाजिक सफाअीको न तो जरूरी गुण माना, और न अुसका विकास ही किया। यों रिवाजके कारण हम अपने ढंगसे नहा-भर लेते हैं, मगर जिस नदी, तालाब या कुअेंके किनारे हम श्राद्ध या वैसी ही कोअी दूसरी धार्मिक क्रिया करते हैं और जिन जलाशयोंमें पवित्र होनेके विचारसे हम नहाते हैं, अुनके पानीको बिगाड़ने या गन्दा करनेमें हमें कोअी हिचक नहीं होती। हमारी अिस कमजोरीको मैं अेक बड़ा दुर्गुण मानता हूं। अिस दुर्गुणका ही यह नतीजा है कि हमारे गांवोंकी और हमारी पवित्र नदियोंके पवित्र तटोंकी लज्जाजनक दुर्दशा और गन्दगीसे पैदा होनेवाली बीमारियां हमें भोगनी पड़ती हैं।

*

रचनात्मक कार्यक्रम, पृ० २३–२४; १९५९

गांधीजीने अुन शिकायतोका अुल्लेख किया जो अुनके पास आती है. यहा जो शरणार्थी पड़े है, अुनको खाना देते है, पीना देते है, पहननेको देते हैं। जो हो सकता है सब करते है, लेकिन वे मेहनत नही करना चाहते, काम नही करना चाहते। जो अुन लोगोंकी खिदमत करते है, अुन्होने लम्बी-चौड़ी शिकायत लिखकर दी है। अुसमें से मैं अितना ही कह देता हू। मैंने तो कह दिया है कि अगर दुःख मिटाना चाहते हैं, दुःखमें से सुख निकालना चाहते हैं, दुःखमें भी हिन्दुस्तानकी सेवा करना चाहते है — अुसके साथ अपनी सेवा तो हो ही जाती है — तो दुःखियोंको काम तो करना ही चाहिये। दुःखीको अैसा हक नहीं कि वह काम न करे और मौज-शौक करे। गीतामे तो कहा है, यज्ञ करो और खाओ — यज्ञ करो और जो शेष रह जाता है अुसको खाओ। यह बात मेरे लिअे है और आपके लिअे नही अैसा नही है। यह सबके लिअे है। जो दु खी है अुनके लिअे भी है। अेक आदमी कुछ करे नही, बैठा रहे और खाये, यह चल नही सकता। करोड़पति भी काम न करे और खाये, तो वह निकम्मा है, पृथ्वी पर भार है। जिसके पास पैसा है वह भी मेहनत करके खाये तभी काम बनता है। हां, कोअी लाचारी हो — आदमीके पैर नही चलते, अधा है, वृद्ध हो गया है, तो अलग बात है। लेकिन जो तगड़ा है वह काम क्यो न करे? जो कोअी जो काम कर सकते है सो करें। शिविरोमे जो तगड़े लोग पड़े है। वे पाखाना भी अुठावें, चरखा चलावें, जो काम कर सकते हैं सो करे। जो लोग काम करना नही जानते वे लड़कोंको सिखावें। मैं तो अितना ही कहूंगा कि जितने शरणार्थी है वे काम करके खाये। अुन्हें काम करना ही चाहिये।

दिल्ली-डायरी, पृ० ३८८; १९६०

९

समाज-सेवाका सबसे अूंचा प्रकार

अैसा मालूम होता है कि 'ब्रेड लेबर' (रोटीके लिअे परिश्रम, शरीर-श्रम) के सिद्धान्तके विषयमें कुछ गलतफहमी हो गअी है। यह सिद्धान्त समाज-सेवाका विरोधी तो है ही नहीं। बुद्धिपूर्वक किया हुआ श्रम अुच्चसे अुच्च प्रकारकी समाज-सेवा है। कारण यह है कि यदि कोअी मनुष्य अपने शारीरिक श्रमसे देशकी अुपयोगी सम्पत्तिमें वृद्धि करता है, तो अिससे अुत्तम और हो ही क्या सकता है? 'होना' निश्चय ही 'करना' है।

श्रमके साथ जो 'बुद्धिपूर्वक किया हुआ' विशेषण लगाया गया है, वह यह बतलानेके लिअे लगाया गया है कि समाज-सेवामें श्रम तभी गिना जा सकता है जब अुसके पीछे सेवाका कोअी निश्चित हेतु हो; नहीं तो यह कहा जा सकता है कि हरअेक मजदूर समाजकी सेवा करता है। अेक प्रकारसे तो वह समाजकी सेवा करता ही है, पर जिस सेवाकी यहां बात हो रही है वह बहुत अूंचे प्रकारकी सेवा है। जो मनुष्य सबके हितके लिअे सेवा करता है वह समाजकी सेवा करता है, और जितनेसे अुसका पेट भर जाय अुतनी मजदूरी पानेका अुसे हक है। अिसलिअे अिस प्रकारका 'ब्रेड लेबर' (शरीर-श्रम) समाज-सेवासे भिन्न नहीं है। अधिकांश मनुष्य जो काम अपने शरीरके पोषणके लिअे या बहुत हुआ तो अपने कुटुम्बके लिअे करते हैं, अुसे समाज-सेवक सबके हितके लिअे करता है।

हरिजनसेवक, १४-९-'३५; पृ० १३३

[illegible] और [illegible] अर्थ यह है कि निश्चित रीतिसे शरीर-श्रमके धर्मको, अुसके सारे अंगोंके साथ, [illegible] स्वीकार न किया

जाय। किन्तु आलोचक अिस पर यह कहते है कि "करोड़ों भारतवासी आज गावोंमे ही तो रहते है, तो भी अिन वेचारोंको वहां पेट भर भोजन नसीव नही होता और वे भूखो मर रहे है।" वात तो विलकुल सत्य है। सद्भाग्यसे हम यह जानते है कि वे स्वेच्छासे नियमका पालन नही कर रहे है। अगर अुनकी चलती तो अैसा शारीरिक श्रम वे कभी न करते; वल्कि वे किसी विलकुल पासके शहरकी ओर वसनेके लिअे दौड़ते, अगर वहा अुनके लिअे जगह होती। मालिकका हुक्म जव जवरदस्तीसे वजाया जाता है, तव अुसे परवशता या दासताकी स्थिति कहते है। पिताकी आज्ञाका जव स्वेच्छासे पालन किया जाता है तव वह आज्ञा-पालन पुत्रत्वका गौरव वन जाता है। अिसी तरह शरीर-श्रमके नियमका वलात्कारपूर्वक पालन किया जायगा, तो अुससे दरिद्रता, रोग और असंतोपकी ही सृष्टि होगी। जव स्वेच्छासे अुस नियमका पालन किया जायगा, तव अुससे अवश्य ही सतोष और आरोग्यका लाभ होगा। और आरोग्य ही तो सच्चा धन है। चांदी-सोनेके ये टुकड़े सच्ची संपत्ति नही है।

हरिजनसेवक, ५-७-'३५; पृ० १६०

अगर हरअेक आदमी अपने पसीनेकी कमाअी पर रहे, तो यह दुनिया स्वर्ग वन जाय। मनुष्यकी खास खूबियोंके अुपयोगके प्रश्न पर अलगसे विचार करनेकी विलकुल जरूरत नही। अगर सव लोग रोटीके लिअे शरीर-श्रम करें, तो अुसका यह नतीजा होगा कि कवि, शायर, डॉक्टर, वकील वगैरा मनुष्यकी सेवाके लिअे अपनी अुन खूबियोंका मुफ्त अुपयोग करना अपना फर्ज समझेंगे। विना किसी स्वार्थके अपना फर्ज अदा करनेके कारण अुनके कामका नतीजा और भी अच्छा होगा।

हरिजनसेवक, २-३-'४७; पृ० ३९

यह देखा जाता है कि अिस दुनियामें मनुष्यको रोज जितना चाहिये अुतना अीश्वर रोज पैदा करता है। अुसमें से अगर कोअी अपनी

आवश्यकतासे अधिक काममें लेता है, तो अुसके पड़ोसीको भूखा रहना ही पड़ेगा।

बहुत लोग अपनी आवश्यकतासे अधिक लेते हैं, अिसीलिअे दुनियामें भूखों मरनेकी नौबत आती है। हम कुदरतकी देनको किसी भी तरह काममें ले, फिर भी कुदरत तो रोज दोनों पलड़े बराबर ही रखती है। कुदरतके बहीखातेमें न तो जमामें कुछ बाकी रहता है न नामेमें। वहां तो रोज आमद-खर्चका हिसाब बराबर होकर शून्य ही बाकी रहता है। अिस शून्यमें हमें शून्यके समान बनकर समा जाना चाहिये।

अूपरके नियममें यह बात बाधक नहीं है कि कभी रसायनों और यंत्रोंके जरिये मनुष्य जमीनसे ज्यादा फसल पैदा करता है; अपनी मेहनतसे दूसरी तरह अनेक वस्तुअें अुत्पन्न करता है। यह कुदरतकी शक्तियोंका रूपान्तर है। सबका आखिरी परिणाम तो शून्य ही होनेवाला है। मगर हमें रोज जो कुछ अनुभव होता है अुसका पृथक्करण किया जाय, तो अुससे यही अनुमान होता है कि दोनों पलड़े बराबर रहते हैं।

सत्याग्रह आश्रमका अितिहास, पृ० ४१–४२; १९५०.

प्रारम्भसे ही मेरी यह दृढ़ श्रद्धा रही है कि जिस देशके वासियोंके लिअे खेती ही अेकमात्र अटूट और अटल खज़ाना है। जिसकी भी हम खोज करेंगे और देखेंगे कि जिसके सहारे कहां तक जाया जा सकता है। यदि हमारे लोग खादीके बदले खेतीमें दिलचस्प होकर लोगोंकी सेवा करेंगे तो मुझे अफसोस नहीं होगा।

खादी : क्यों और कैसे? पृ० २३१; १९५९

१०

चरखेके साथ शरीर-श्रम

जैसे हममें से हरअेकको खुद खाना, पीना और कपड़े पहनना चाहिये, वैसे ही हममे से हरअेकको खुद कातना भी चाहिये।

यग अिंडिया, २८–५–'२५; पृ० १८२

सबसे बडा अुद्योग, जिसमे करोड़ोंकी मेहनतकी जरूरत है, सूत-कताअी ही है। जरूरत अिस बातकी है कि अिस देशके किसानोंकी अत्यन्त बड़ी सख्याको बुद्धिसे किया जानेवाला अेक और काम दिया जाय, जिससे अुनके हाथ और दिमाग दोनोको तालीम मिले। अुनके लिअे जो सबसे अच्छी और सस्ती शिक्षा ढूंढी जा सकती है वह यही है। सबसे सस्ती अिसलिअे कि अिससे तुरन्त ही आमदनी भी होने लगती है। और यदि हमे भारतवर्षमें सार्वजनिक शिक्षाका प्रचार करना है, तो प्राथमिक शिक्षा लिखाअी, पढ़ाअी और हिसाबकी न होकर सूत कातने और अुससे सम्बन्धित अन्य ज्ञानकी होगी। और जब अिसके जरिये हाथों और आंखोको पूरी तालीम मिल जाती है, तब कही बालक अिन तीनोंको सीखनेके लिअे तैयार होता है। मैं जानता हूं कि यह कुछ लोगोको तो असंभव और कुछको बिलकुल अव्यावहारिक मालूम होगा। मगर जो अैसा सोचते है वे हमारे करोड़ों भाअी-बहनोंकी हालत नही जानते। वे यह भी नही जानते कि हिन्दुस्तानके किसानोके करोड़ों बच्चोंको शिक्षा देनेका क्या अर्थ है। और यह शिक्षा तब तक नही दी जा सकती जब तक शिक्षित भारतवासी, जिन्होने अिस देशमे राजनीतिक जागृति पैदा की है, परिश्रमके गौरवको समझ नही लेते और जब तक हरअेक नौजवान चरखा चलानेकी कलाको सीखना और गावोंमें फिरसे अुसे दाखिल करना अपना परम कर्तव्य नही मानता।

हिन्दी नवजीवन, ९–९–'२६, पृ० २९

मै देहातमें जितना गहरा घुसता हूं, अुतना ही बड़ा आघात देहातियोंसे मिलने पर अुनकी आंखोंमें सूनापन देखकर मुझे लगता है। अपने बैलोंके साथ मजदूरी करनेके सिवा अुनके पास और कोअी काम नहीं होता; अिसलिअे वे भी लगभग बैलों जैसे बन गये हैं। यह सबसे बड़े दुःखकी बात है कि लाखों लोगोंने हाथसे काम करना छोड़ दिया है। प्रकृतिने हम मानव-प्राणियोंको जो कीमती वस्तु प्रदान की है, अुसे बेदर्दीसे बरबाद करनेका दंड वह हमें भयंकर रूपमें दे रही है। हम अिस देनका पूरा अुपयोग करनेसे अिनकार करते हैं। हाथोंका बढ़िया यंत्र अुन थोड़ीसी वस्तुओंमें से अेक है, जो हमें जानवरोंसे अलग करता है। हममें से लाखों लोग हाथोंका सिर्फ पैरोंकी तरह ही अिस्तेमाल करते है। नतीजा यह होता है कि प्रकृति हमारे शरीर और मन दोनोंको भूखों मारती है।

अिस विचारहीन बरबादीको केवल चरखा ही रोक सकता है। यह काम वह अभी तुरन्त और रुपया या बुद्धिकी असाधारण पूंजी लगाये बिना ही कर सकता है। अिस बरबादीके कारण हम लगभग अधमरी हालतमें जी रहे हैं। चरखेका पुनरुद्धार हो सकता है, अगर हर घर फिरसे कताअीका कारखाना बन जाय और हर गांव बुनाअीका कारखाना बन जाय। अिसके साथ साथ प्राचीन देहाती कला और देहाती संगीतका भी तुरन्त पुनरुद्धार हो जायगा। आधे पेट रहनेवाले राष्ट्रमें न तो धर्म हो सकता है, न कला हो सकती है; और न वह अपना संगठन ही कर सकता है।

यंग अिंडिया, १७-२-'२७; पृ० ५२

ग्रामसेवकके जीवनका मध्यबिन्दु चरखा होगा। खादीके पीछे यह विचार है कि वह धंधोंका सहायक अुद्योग है और अुसके जितना ही व्यापक है। चरखेने हमारे जीवनमें अपना अुचित स्थान प्राप्त कर लिया है, औसा तब तक नहीं कहा जा सकता जब तक हम आलस्यको अपने

गांवोसे जड़से मिटा नही देते और गांवके प्रत्येक घरको अुद्योगोंसे गूंजा नही देते।

ग्रामसेवक गांवोंमें जाकर स्वयं नियमपूर्वक चरखा चलायेगा और सिर्फ सूत ही नही कातेगा, बल्कि अपनी जीविकाके लिअे वसूला और हथौड़ा चलायेगा, कुदाली और फावड़ा चलायेगा। या हाथ-पैरसे जो भी मेहनत हो सकेगी वह करेगा। खाने-पीने और सोनेके आठ घण्टोंके सिवा बाकीके समयमें वह किसी न किसी काममें लगा ही रहेगा। अपना अेक मिनट भी वह बेकार न जाने देगा। आलस्यको न तो वह अपने पास फटकने देगा और न दूसरोंके पास फटकने देगा। अुसका जीवन अपने पड़ोसियोके लिअे निरन्तर चलनेवाले प्रसन्नता-वर्धक अुद्योगका नित्यपाठ देनेवाला होगा। हमारे बाहरसे लादे गये या स्वेच्छासे अपनाये गये आलस्यको जाना ही होगा। अगर यह आलस्य विदा न हुआ तो कितनी ही सुविधायें क्यों न मिलें, देशके लोग भूखे ही रहेंगे, आज जैसी भूखकी सनातन समस्या सदा बनी ही रहेगी। जो अन्नके दो दाने खाता है, अुसे चार दाने अुपजानेका धर्म स्वीकार करना ही चाहिये। अैसा अगर हो जाये तो दूसरे करोड़ों लोग भी हिन्दुस्तानमे पलने लगेंगे; और यह न हुआ तो जनसंख्या चाहे कितनी ही कम हो जाय, फिर भी भूखों मरनेवाले लोगोंका वर्ग तो देशमे बना ही रहेगा।

अिस प्रकार ग्रामसेवक अुद्योगका अेक जीता-जागता प्रतीक होगा।

हरिजनसेवक, ७-९-'३४; पृ० २९३-९४

११

आश्रममें शरीर-श्रम

मुझ पर टॉल्स्टॉयका बहुत असर हुआ था, और अुनकी बातों पर यथासंभव अमल करना तो मैंने दक्षिण अफ्रीकामें ही शुरू कर दिया था। आश्रम कायम हुआ तभीसे रोटी-श्रमको अुसमें मुख्य स्थान मिला।

दिनके अमुक घंटोंमें मेहनतके सिवा दूसरा काम न हो तो मेहनत जरूर होगी। भले ही अुसमें आलस्य हो, कार्य-दक्षता न हो, मन न हो, मगर कुछ घण्टे पूरे तो होंगे ही। फिर, कुछ मेहनत तुरन्त फल देनेवाली होती है, अिसलिअे अुसमें बहुत आलस्यकी गुंजाअिश भी नहीं रहती। श्रम-प्रधान संस्थाओंमें नौकर नहीं होते या थोड़े ही होते हैं। पानी भरना, लकड़ी फाड़ना, दियाबत्ती तैयार करना, पाखाने और रास्ते साफ करना, मकानोंकी सफाअी रखना, अपने अपने कपड़े धोना, रसोअी करना वगैरा अनेक काम अैसे हैं जो किये ही जाने चाहियें।

अिनके सिवा खेती, बुनाअी-काम, अुनसे सम्बन्धित और दूसरी तरहके जरूरी बढ़अी-काम, गोशाला, चमार-काम वगैरा काम आश्रमके साथ जुड़े हुअे हैं। अुनमें थोड़े-बहुत आश्रमवासियोंके लगे बिना काम नहीं चल सकता।

ये सब काम रोटी-श्रमके नियम-पालनके लिअे काफी माने जायगे। मगर यज्ञका दूसरा अंग परमार्थ या सेवाकी वृत्ति है। अुसे अिन कामोंमें शामिल करने पर आश्रमकी कमजोरी जरूर मालूम होगी। आश्रमका आदर्श सेवाके लिअे ही जीना है। अिस ढंगसे चलनेवाली संस्थामें आलस्य, कामचोरीका स्थान नहीं है। वहां सब काम तन-मनसे होने चाहिये। सभी लोग अैसा करते तो आज आश्रमकी सेवाकी योग्यता बहुत बढ़ गयी होती। लेकिन अैसी सुन्दर स्थितिसे आश्रम अब भी बहुत दूर है। अिसलिअे यद्यपि आश्रमका हर काम यज्ञरूप है,

फिर भी आदर्शका विचार करके दरिद्र-नारायणके लिअे कमसे कम अेक घण्टेकी कताअीको आवश्यक स्थान दिया गया है।

यह आरोप समय समय पर सुना गया है, और आज भी मैं सुना करता हूं, कि श्रम-प्रधान संस्थामें बुद्धिके विकासकी गुंजाअिश नही रहती, अिसलिअे वह जड़ वन जाती है। मेरा अनुभव अिससे अुलटा है। आश्रममें जितने भी लोग आये हैं, सभीकी वुद्धि कुछ तेज हुअी है; किसीकी मन्द हुअी हो अैसा जाननेमे नही आया।

वहुत वार अैसा मान लिया जाता है कि जगतकी अनेक घटनाओका वाहरी ज्ञान ही वुद्धि है। मुझे यह कवूल करना पड़ेगा कि अैसी बुद्धि आश्रममे कम विकसित होती है। लेकिन अगर बुद्धिका अर्थ समझ, विवेक वगैरा हो, तो वह आश्रममे काफी विकसित होती है। जहां मजदूरके रूपमें मेहनत सिर्फ गुजारेके लिअे होती है, वहां मनुष्यका जड़ वन जाना संभव है। अमुक चीज किसलिअे या किस तरह होती है, अिसका ज्ञान अुसे कोअी नही देता। अुसे खुद अिस विषयमें जिज्ञासा नही होती, न अपने काममें दिलचस्पी होती। आश्रममें अिससे अुलटा होता है। हर काम — पाखाना-सफाअी तक — समझकर करना पड़ता है। अुसमे दिलचस्पी ली जाती है। वह परमेश्वरको प्रसन्न करनेके लिअे होता है। अिसलिअे अुसे करते हुअे भी बुद्धिके विकासकी गुंजाअिश रहती है। सबको अपने अपने विषयका पूरा ज्ञान प्राप्त करनेका प्रोत्साहन दिया जाता है। जो यह ज्ञान लेनेकी कोशिश नही करते, अुनके लिअे वह दोष माना जाता है। आश्रममें या तो सभी मजदूर हैं या कोअी भी मजदूर नही है।

यह मानना कि किताबोसे ही, मेज-कुर्सी पर वैठनेसे ही, ज्ञान मिलता है, बुद्धिका विकास होता है, हमारा घोर अज्ञान है, भारी वहम है। हमे तो अिसमे से निकल जाना चाहिये। जीवनमे वाचनके लिअे स्थान जरूर है, मगर वह अपनी जगह पर ही शोभा देता है। शरीर-श्रमको हानि पहुंचाकर अुसे वढ़ाया जाय, तो अुसके खिलाफ विद्रोह करना फर्ज

हो जाता है। शरीर-श्रमके लिअे दिनका ज्यादा समय देना चाहिये और वाचन वगैराके लिअे थोड़ा। आजकल अिस देशमें, जहां अमीर लोग या अूचे वर्गके माने जानेवाले लोग शरीर-श्रमका अनादर करते हैं, शरीर-श्रमको अूचा दरजा देनेकी बड़ी जरूरत है। और बुद्धिशक्तिको सच्चा वेग देनेके लिअे भी शरीर-श्रमकी यानी किसी भी अुपयोगी शारीरिक धन्धेमें शरीरको लगानेकी जरूरत है।

सत्याग्रह आश्रमका अितिहास, पृ० ४२–४४; १९५९

१२

मेहनत नहीं तो खाना भी नहीं

भारतके कंगालोंकी हितैषिताने मुझे अितना कठोर-हृदय बना दिया है कि अुनके बिलकुल भिखमंगे बन जानेकी अपेक्षा मैं अुनका नंगा भूखों मर जाना खुशीसे पसंद करूंगा। मेरी अहिंसा किसी अैसे तन्दुरुस्त आदमीको मुफ्त खाना देनेका विचार बरदाश्त नहीं करेगी, जिसने अुसके लिअे अीमानदारीसे कुछ न कुछ काम न किया हो; और मेरा बस चले तो जिन सदाव्रतोंमें मुफ्त भोजन मिलता है, वे सब सदाव्रत मैं बन्द कर दूं। अिससे राष्ट्रका पतन हुआ है और सुस्ती, बेकारी, दंभ और अपराधोंको भी प्रोत्साहन मिला है। अिस प्रकारका अनुचित दान देशकी भौतिक या आध्यात्मिक सम्पत्तिकी कुछ भी वृद्धि नहीं करता और दाताके मनमें पुण्यात्मा होनेका झूठा भाव पैदा करता है। कितनी ही अच्छी और बुद्धिमानीकी बात हो, यदि दानी लोग अैसी संस्थायें खोलें जहां अुनके लिअे काम करनेवाले स्त्री-पुरुषोंको स्वास्थ्यप्रद और स्वच्छ हालतमें भोजन दिया जाय। मेरा खुदका तो यह विचार है कि चरखा या कपासके सम्बन्धित क्रियाओंमें से कोअी भी क्रिया आदर्श धन्धा होगी। परन्तु अुन्हें यह स्वीकार न हो तो वे कोअी भी दूसरा

काम चुन सकते हैं। जो भी हो, नियम यह होना चाहिये कि 'मेहनत नही तो खाना भी नहीं।' प्रत्येक शहरके लिअे भिखमंगोंकी अपनी-अपनी अलग कठिन समस्या है, जिसके लिअे धनवान जिम्मेदार हैं। मैं जानता हूं कि आलसियोंको मुफ्त भोजन करा देना बहुत आसान है, परन्तु अैसी किसी संस्थाको संगठित करना बहुत कठिन है जहां किसीको खाना देनेसे पहले अुससे ओमानदारीसे काम कराना जरूरी हो। आर्थिक दृष्टिसे, कमसे कम शुरूमें, लोगोसे काम लेनेके बाद अुन्हें खाना खिलानेका खर्च मौजूदा मुफ्तके भोजनालयोके खर्चसे ज्यादा होगा। लेकिन मुझे पक्का विश्वास है कि यदि हम तेजीसे देशमें बढ़नेवाले आवारागर्द लोगोकी संख्यामें वृद्धि नही करना चाहते, तो अन्तमें यह व्यवस्था अधिक सस्ती पड़ेगी।

यग अिंडिया, १३–८–'२५; पृ० २८२

पहिले दो-चार ही ऐसी औषधियाँ थीं जिनको विशिष्ट कहा जा सकता था, किन्तु आज कितने ही रोगों की निश्चित औषधियों का आविष्कार हो गया है जिनके प्रभाव से अत्यन्त दारुण दुर्दम्य रोग भी सुदम्य हो गये हैं। आज राजयक्ष्मा जैसे भयंकर रोग से भी, जिसको रोगों की सेना का कमांडर कहा जाता था, छुटकारा पा लेना सहज है। हाँ, औषधि को समय से रोगी के शरीर में पहुँचाना आवश्यक है। समय से न पहुँचने पर तो अमृत भी लाभ नहीं कर सकता। इन नवीन औषधियों के समयोचित उपयोग से चिकित्सक अपने ब्रह्मास्त्रों द्वारा जीवन की रक्षा करने में कभी असफल नहीं होगा।

सरल और रोचक शैली में प्रायः सभी मुख्य-मुख्य नवीन औषधियों का इसमें वर्णन किया है जिनका प्रयोग अभीष्ट फलदायक होता है। प्रत्येक औषधि की उत्पत्ति, उसके रासायनिक रूप, लाभ, हानि तथा उपयोग पर पूर्ण प्रकाश डाला गया है तथा हानि होने पर क्या करना चाहिये इसका भी पूर्ण उल्लेख है। डा० वर्मा जी की इस कृति ने चिकित्सकों का बहुत बड़ा उपकार किया है। ८-००

+स्वास्थ्य और रोग (सचित्र)

(Health and Disease in Hindi—Illustrated)

डॉ० त्रिलोकीनाथ वर्मा

इस पुस्तक में अत्यन्त सरल एवं स्पष्ट भाषा में लगभग ४०० चित्रों की सहायता से स्वास्थ्य को उत्तम बनाने की विधियाँ और भाँति-भाँति के भयानक रोगों से बचने के मुख्य उपाय बतलाए गये हैं। सामाजिक और वैयक्तिक आहार-विहार आदि के विवेचन द्वारा भी सुधारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक के अन्त में सब कठिन और पारिभाषिक शब्दों का अँग्रेजी में तुल्यार्थ कोष दिया गया है। यह एक ही पुस्तक मानवजीवन को पूर्ण सुरक्षित तथा स्वस्थ रखने में पूरा सहायता करती है। मूल्य १५-००

सचित्र—

स्वास्थ्यविज्ञान और सार्वजनिक आरोग्य

(A General Guide for Health and Hygiene)

(सुपरिष्कृत परिवर्धित चतुर्थ संस्करण)

डा० भास्करगोविन्द घाणेकर

मानव-मात्र के परमोपकार की दृष्टि ने प्रकाशित प्रस्तुत पुस्तक के बहुसंख्यक तीन संस्करण देखते-देखते समाप्त हो गए, अतः निम्नाङ्कित विशेषताओं से विभूषित यह लोकोपकारक चतुर्थ संस्करण प्रस्तुत किया जा रहा है। इस संस्करण में सूक्ष्म दृष्टि से संशोधन करते हुए अनेक विषयों का परिवर्द्धन और रूपान्तरण किया गया है तथा मनःस्वास्थ्य और मनोविकार-प्रतिबन्धन जैसे महत्त्वपूर्ण नये विषय समाविष्ट किए गए हैं। विषय को सुस्पष्ट करने के लिये आयुर्वेद और प्राचीन प्रामाणिक ग्रन्थों के उद्धरण और तुलनात्मक टिप्पणियाँ अधिक संख्या में विस्तार-पूर्वक दी गई हैं। स्थान-स्थान पर विषय से संबंधित अनेक आवश्यक चित्र भी दिए गए हैं। परिभाषा-सम्बन्धी कठिनाई दूर करने की दृष्टि से अंग्रेजी-हिन्दी कोष का रूप बदलकर हिन्दी-अंग्रेजी-शब्दकोष दे दिया गया है।

संक्षेप में हम यह कह सकते हैं कि स्वास्थ्य-रक्षा और व्याधि-निवारण जैसे जटिल विषय को मानव-मात्र के लिए सुलभ बनाने की दृष्टि से प्राचीन एवं अर्वाचीन सिद्धान्तों का समन्वय करते हुए सर्वबोध स्वास्थ्य-तत्त्व-परिज्ञान पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत करने का सुव्यवस्थित प्रयास किया गया है। इस प्रकार छात्रों और चिकित्सकों के लिए ही नहीं, मानव-मात्र के हित-सम्पादन के लिये इस पुस्तक में यथेष्ट उपादेय सामग्री भरी मिलेगी। नवीन ग्राहक तो सोत्साह इस संग्राह्य पुस्तक को अपनावें ही, प्राचीन ग्राहकों को भी इस विशिष्ट संस्करण से पूर्व की अपेक्षा अधिक लाभान्वित होना चाहिए।

नवीन चमकता टाइप, सफेद ग्लेज कागज, आधुनिक आकर्षक मनोरम जिल्द विभूषित पुस्तक का लागत मात्र मूल्य ७—५०

इण्डियन मेडिसिन बोर्ड यू० पी० द्वारा पाठ्य स्वीकृत—

अभिनव-शरीरक्रियाविज्ञान (सचित्र)

(A Hand Book of Physiology)

शोधपूर्ण परिवर्द्धित द्वितीय संस्करण मूल्य १०-००

आचार्य श्री प्रियव्रत शर्मा एम. ए., ए. एम. एस.

भारतवर्ष के प्रायः सभी आयुर्वेद महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार लगभग २५ वर्षों से अर्वाचीन शरीरक्रियाविज्ञान का पठन-पाठन चलता आ रहा है और इधर मेडिकल कालेजों में हिन्दी माध्यम का प्रवेश हो चुका है किन्तु अभी तक इस विषय की कोई ऐसी पुस्तक हिन्दी में नहीं थी जिसमें आधुनिक शरीरक्रियाविज्ञान के संपूर्ण विषयों का वैज्ञानिक शैली से संकलन किया गया हो। कुछ पुस्तकें तो इस विषय से अनभिज्ञ जनों को मनोरञ्जन के व्याज से प्रारम्भिक ज्ञान देने के उद्देश्य से बनाई गई थीं और कुछ नव-प्रकाशित ग्रन्थों में प्राचीन और नवीन दोनों विषयों को एक ही साथ भर देने के प्रलोभन में शैली ऐसी क्लिष्ट और विषय ऐसा दुरूह बना दिया गया कि साधारण विद्यार्थी-समाज तथा जिज्ञासुवर्ग उससे लाभ नहीं उठा सके। पठन-पाठन के क्रम में इन्हीं व्यावहारिक कठिनाइयों का अनुभव करके अधिकारी लेखक ने इस महत्वपूर्ण विषय पर लेखनी उठाई और कहने की आवश्यकता नहीं कि उनकी यह रचना छात्रों और चिकित्सकों के लिए नितान्त सन्तोषजनक सिद्ध हुई है। वैज्ञानिक पुस्तकों की तरह विषय-ज्ञान को अधिक स्पष्ट करने के लिए सैकड़ों चित्र स्थान २ पर दिए गए हैं। इस विषय के जिज्ञासु इस संशोधित परिवर्द्धित संस्करण से विशेष लाभान्वित होंगे। छपाई, कागज, गेटअप आदि सभी सुन्दर है।

प्रसूतिविज्ञान (सचित्र)

(A Text Book of Midwifery)

आयुर्वेद बृहस्पति डॉ० रमानाथ द्विवेदी एम० ए०, ए० एम० एस०

परिष्कृत द्वितीय संस्करण मूल्य १०-००

Obstetric पर लिखी हुई प्रसूतिविज्ञान नामक यह पुस्तक विद्वान् लेखक के अनेक वर्षों के परिश्रम के पश्चात् भारतवर्ष के विभिन्न आयुर्वेद संस्थानों के प्रसूतिविषय के 'प्रास्पेक्टस' और 'सिलेबस' के आधार पर लिखी गई है। आजतक इस प्रकार की सर्वाङ्गपूर्ण प्रसूतितन्त्र की कोई भी अन्य पुस्तक राष्ट्र भाषा में उपलब्ध नहीं थी जिसमें एक स्थान पर विभिन्न अध्यायों के क्रम से अद्यावधि प्राच्य एवं पाश्चात्य मतों का समन्वयात्मक संग्रह हो। आर्थिक दृष्टि से भी देखा जाय तो एक मात्र इस पुस्तक को रखते हुए अंग्रेजी भाषा में लिखी अनेक मूल्यवान् पुस्तकों के संग्रह की आवश्यकता नहीं पडेगी; क्योंकि यह पुस्तक बहुत से प्रचलित अंग्रेजी टेक्स्ट बुक के आधार पर ही लिखी गई है। इन विभिन्न पुस्तकों से सहायता लेते हुए जिन पुस्तकों में जिन-जिन अध्यायों का वर्णन अधिक प्राजल एवं विशद प्रतीत हुआ है उसी को लेखक ने ग्रहण किया है जिससे यह रचना विद्यार्थियों के विषय-ज्ञान तथा परीक्षार्थियों की सफलता की कुञ्जी बन गई है। पुस्तक की सब से बड़ी विशेषता विषय की तुलनात्मक विवेचना है। छात्रों के इस प्रकार के विवेक के लिये आयुर्वेद के विभिन्न ग्रन्थरत्नों के आधार पर स्थान-स्थान से प्रसूति विषयक सूत्रों का संग्रह करते हुए नोट बनाकर काम चलाना पड़ता था। इस नये प्रकाशन से उनकी सारी परेशानियाँ अब दूर हो गई हैं, उनको प्रत्येक अध्याय के अन्त में आधुनिक वर्णनों के साथ ही साथ हिन्दी अनुवाद के सहित उन सभी सूत्रों का संकलन प्राप्त हो जायगा। इससे उन्हें विषय के अभ्यास में भी सरलता का अनुभव होगा। वैज्ञानिक पुस्तकों की तरह विषय को अधिक स्पष्ट करने के लिये लगभग २०० से ऊपर चित्र भी स्थान-स्थान पर लगा दिये गये हैं। इससे अच्छा स्पष्टीकरण हुआ है। अब एक मात्र इसी पुस्तक के पढ़ने से एतद्-विषयक सम्पूर्ण प्राचीन तथा नवीन ज्ञान का सम्पादन किया जा सकता है। प्रसूति शास्त्र के विषयों से सम्बद्ध कई अन्य विषयों का जैसे 'यूजेनिकस' 'सेक्सुओलाजी' 'एन्थ्रोपोलाजी' का भी प्रसंग यत्र तत्र आकर विषय को अधिक सरस बना देता है।

सचित्र

अभिनव विकृतिविज्ञान

(A Text Book of Pathology-Ancient and Modern)

[पाश्चात्त्य तथा आयुर्वेदीय वैकारिकी का पाठ्यग्रन्थ]

आयुर्वेदाचार्य पं० रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी ए. एम. एस.

पृष्ठसंख्या लगभग १२००, खोजपूर्ण अध्याय ९५, सहस्रों उद्धरण—हिन्दी के पारिभाषिक शब्दों के साथ साथ आंग्लपर्याय—सैकड़ों वैज्ञानिक चित्र, मञ्जुल मुद्रण, डिमाई अठपेजी बड़ी साइज, मोटा ग्लेज कागज, कपड़े की पक्की जिल्द, आधुनिक आकर्षक आवरण से विभूषित। मूल्य २२-००

कौमारभृत्य, राजकीय ओषधि-योग-संग्रह आदि ग्रन्थों के यशस्वी लेखक स्वर्णपदक-प्राप्त आचार्य रघुवीरप्रसादजी त्रिवेदी की यह अनुपम कृति है। विकृति-विज्ञान (पैथालोजी) का विषय कितना दुरूह है यह इसी से ज्ञात होता है कि अभी तक इस विषय पर किसी विद्वान् ने हिन्दी में लेखन का साहस नहीं किया है। अँगरेजी में भी भारतीय विद्वानों की इस विषय पर बहुत कम पुस्तकें हैं। विकृति-विज्ञान माडर्न मैडिकल साइन्स में एक आधार-स्तम्भ का कार्य करता है। इसका समीचीन ज्ञान बिना हुए आधुनिक चिकित्सापद्धति के रहस्यों का ज्ञान नहीं किया जा सकता।

इस विशाल ग्रन्थ में न केवल पाश्चात्य विकृतिविज्ञान का विस्तृत वर्णन है अपितु आयुर्वेदीय वैकारिकी के भी स्वतन्त्र अध्याय लिखकर इसे सर्वाङ्गसुन्दर कर दिया गया है। सभी दृष्टि से यह अपने विषय की प्रथम पाठ्य-पुस्तक है।

आचार्य त्रिवेदीजी ने वर्षों परिश्रम करके सुललित भाषा में स्थान-स्थान पर आयुर्वेदीय अंश की पूर्ति करते हुए सर्वथा नवीन रूप में विषय को उपस्थित करने में पूर्ण सफलता प्राप्त की है। इस पुस्तक के प्रकाशन से आधुनिक भारतीय चिकित्सा के विद्यार्थियों के एक बहुत बड़े अभाव की पूर्ति हो गई है। आचार्य तथा एम० बी० बी० एस० परीक्षा के अन्तिम वर्ष के छात्रों, विद्वानों, वैद्यों तथा डाक्टरों के लिए पुस्तक परमोपादेय सिद्ध होगी।

संशोधित ! परिवर्धित !! परिष्कृत तृतीय संस्करण !!!

(नि. भा. आयुर्वेदमहासम्मेलन-आयुर्वेदविद्यापीठ द्वारा स्वर्णपदक पुरस्कृत)

यू. पी., इण्डियन मेडिसिन बोर्ड, आयुर्वेद विद्यापीठ, हि० सा० सम्मेलन आदि अनेक आयुर्वेदिक शिक्षण संस्थाओं द्वारा स्वीकृत पाठ्य पुस्तक—

कौमारभृत्यम्

(नव्य-बालरोग-सहित)

(A Comprehensive and Comparative Treatise on the Care and Diseases of Children)

श्री रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी ए. एम. एस.

भूमिका लेखक—वैद्य श्री यादवजी त्रिकमजी आचार्य

इस ग्रन्थ में विद्वान् लेखक ने आयुर्वेदीय ग्रन्थों में प्राप्त समस्त कौमारभृत्य सम्बन्धी वचनों के साथ साथ आधुनिक विज्ञान से तुलनात्मक विचार प्रकट किये हैं तथा बालकों की रक्षा, उनके पालन-पोषण, आहार, ग्रह-बाधाओं आदि का उत्तम एवं आकर्षक शब्दों में वर्णन किया है। इनके अतिरिक्त प्राच्य तथा पाश्चात्य ग्रन्थों में उपलब्ध बालकों के समस्त रोगों का विस्तृत विवरण, निदान, लक्षण, साध्यासाध्यता, चिकित्सा आदि तथा साथ ही तुलनात्मक आयुर्वेदीय दृष्टिकोण भी दिया गया है।

प्रस्तुत संस्करण की विशेषताएँ

आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान में जो आशातीत परिवर्तन हुए हैं उन सब नवीन शोधों के अनुसार प्रस्तुत संस्करण में आरम्भ से अन्त तक परिवर्तन एवं परिवर्द्धन किया गया है। लेखक कौमारभृत्यादि विषय के परीक्षक भी रहे हैं अतः उस दृष्टि से भी छात्रों की सुविधा के लिए अनेक विषय बढ़ाए एवं सरल किए गए हैं। प्रथम संस्करण में कुछ बालरोगों पर केवल पाश्चात्य औषधों का ही प्रयोग लिखा गया था। किन्तु उनमें प्रयुक्त होनेवाले आयुर्वेदिक योगों का भी समावेश इस संस्करण में किया गया है। अनुभव में आए हुए कुछ और चिकित्सा-संबंधी विषयों का संवर्द्धन एवं नवीन-प्राचीन पद्धतियों का समन्वय आदि इस संस्करण की मुख्य विशेषताएँ हैं।

संशोधित परिवर्धित परिष्कृत तृतीय संस्करण का मूल्य ८-०० मात्र

 चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

गर्भरक्षा तथा शिशु-परिपालन

(A Comprehensive Guide Book for the Care of Mothers and Children)

डा० मुकुन्दस्वरूप वर्मा बी. एस. सी., एम. बी. बी. एस्.

इस पुस्तक में गर्भ के प्रारम्भ से शिशु के जन्म के एक वर्ष पश्चात् तक की सभी घटनाओं का विशद वर्णन किया गया है। गर्भावस्था में गर्भ की रक्षा करने के लिए कौन-कौन काम किये जायँ, गर्भवती स्त्री की दिनचर्या, उसका भोजन, निद्रा, व्यायाम, मानसिक कृत्य आदि पर लेखक ने पूर्ण प्रकाश डाला है तथा गर्भ की उपयुक्त वृद्धि के लिये जिन आयोजनों की आवश्यकता है उनका उपयुक्त वर्णन किया है। गर्भकाल में उत्पन्न होनेवाले रोग, प्रसव की कठिनाइयाँ, उनको दूर करने के उपाय, नवजात शिशु की देख-रेख, उसका पोषण, शारीरिक वृद्धि, अवस्था के अनुसार शिशु के आहार में परिवर्तन, ऊपरी दूध बनाना और पिलाना, शिशु के वस्त्र, उसका स्नान, व्यायाम आदि का पुस्तक में पूर्ण वैज्ञानिक विवेचन किया गया है। प्रथम वर्ष में शिशुओं को होनेवाले जिन रोगों के कारण उनकी एक वहुत वड़ी संख्या जीवन के प्रथम वर्ष में ही अपनी लीला समाप्त कर देती है, उनका भी उपयुक्त विवेचन करते हुए उनकी चिकित्सा का वर्णन किया गया है।

पुस्तक प्रत्येक परिवार के लिए अत्यन्त उपयोगी है। गर्भवती स्त्रियों के लिये यह अमूल्य पथप्रदर्शक तथा पद-पद पर उत्पन्न होनेवाली आपत्तियों एवं बाधाओं से रक्षा करने में अनुपम सहायक है।

मानव-जीवन की महत्ता देखते हुए विषय की उपयोगिता स्वयं स्पष्ट हो उठती है। गर्भ एवं शिशु अवस्था में अतिशय कोमल, अबोध तथा सुकुमार मानव की देख-भाल या पालन-पोषण करने वाले माता-पिता या संरक्षकों में से एक प्रतिशत को भी इस विषय की पूरी जानकारी नहीं होती। फलतः गर्भ एवं शिशु अवस्था में की गई थोड़ी-सी भी उपेक्षा मानव का संपूर्ण जीवन दुर्वल तथा अभावग्रस्त बना देती है। कहा गया है—मूर्ख मित्र, शत्रु से अधिक घातक होता है। आज के अधिकांश भारतीय माता-पिता अपनी सन्तति के ऐसे ही मित्र हैं। उन्हें माता-पिता बनने से पूर्व अपनी सन्तति के हित की दृष्टि से इस पुस्तक का अवश्य अवलोकन करना चाहिये।

कागज, छपाई, गेटअप आदि आधुनिकतम। मूल्य ४—५०

आयुर्वेदशास्त्र के अवतार, भारतराष्ट्रपति-चिकित्सक,
पण्डित-सार्वभौम, वैद्यसम्राट्, पद्मभूषण

श्री सत्यनारायण जी शास्त्री महोदय का

अभिनन्दन-ग्रन्थ

(Commemoration Volume Offered to Pt. Satyanarayan Sastri)

बहुत दिनों से समाज में जिसकी चर्चा चल रही थी, बड़ी प्रतीक्षा के बाद वह सचित्र अभिनन्दन-ग्रन्थ बड़ी धूम-धाम से छप कर सन्नद्ध है। देश के कोने-कोने से अपने विषय के माने हुए बड़े-बड़े विद्वानों ने प्रायः सभी विषयों पर प्रामाणिक लेख भेज कर इस ग्रंथ की उपयोगिता बढ़ाने में योगदान दिया है। आयुर्वेद के निदान-चिकित्सादि विषयों एवं आधुनिक वैज्ञानिक चिकित्सा-पद्धतियों के बीच या उनसे प्राचीन का समन्वय आदि विषयों पर एक से एक बढ़कर विचार देखने को मिलते हैं। न्याय, व्याकरण, वेदान्त, सांख्य, योग, मीमांसा, इतिहास आदि प्रत्येक विषय पर मर्मस्पर्शी विचार-सामग्री से यह ग्रन्थ भरा हुआ है। आयुर्वेद की सेवा में सम्पूर्ण जीवन को विलीन कर देने वाले शास्त्री जी जैसे परम तपस्वी के जीवन से आयुर्वेद की महत्ता, उपयोगिता, प्राचीनता एवं अनिवार्यता का जो ज्ञान हमें हो सकता है वह दूसरे प्रयत्नों से इतना सुखसाध्य नहीं हो सकता। मानवमात्र के लिये अनुकरणीय शास्त्री जी के जीवनचरित की कतिपय प्रमुख घटनाओं को स्मरण कर भावी पीढ़ी के सदस्यों को कर्मक्षेत्र में कुशलता प्राप्त कराने वाली अनेक रसवती प्रेरणाएं दी गई हैं।

सचित्र एवं कलापूर्ण सुन्दर छपाई, मनोहर पक्की जिल्द मूल्य १५-००

+ पदार्थविज्ञानम्

(A Philosophical Treatise on the Catagories)

वैद्य सम्राट्, कविराज श्री सत्यनारायण शास्त्री

यद्यपि पदार्थ परिचय के लिये आज तक अनेक पुस्तकें उपलब्ध थी तथापि ऐसे महाविद्वान् के लेख में आपको पदार्थशास्त्र का विलक्षण अनुभव होगा। सभी दर्शनों के विशिष्ट शास्त्रार्थों के साथ पदार्थों का विवेचन देखते ही विद्वानों का चित्त आकृष्ट कर लेता है।

मूल्य ३-००

यू० पी० इण्डियन मेडिसिन बोर्ड द्वारा पाठ्य-स्वीकृत

अगद-तन्त्र

(A Treatise on Ancient Toxicology)

आयुर्वेदबृहस्पति डा० रमानाथ द्विवेदी एम. ए., ए. एम. एस.

'अगदतन्त्र' उस तन्त्र का नाम है जिसमें सर्प, कीट, लूता, मूषकादि जंगम प्राणियों के दंश तथा नाना प्रकार के स्थावर और जंगम विषों के अन्तःप्रयोग से उत्पन्न होने वाले लक्षणों के ज्ञान, निदान एवं उपशम के उपायों का वर्णन हो। इस विषय का मूल स्रोत चरक, सुश्रुत, वाग्भट, भावप्रकाश, शार्ङ्गधर, रसचराजीय आदि प्राचीन वैद्यक ग्रन्थों में निहित है। उन सभी ग्रन्थों का सारभूत यह अभिनव प्रकाशित ग्रन्थ रजिस्टर्ड चिकित्सक, घर का वैद्य—डाक्टर तथा जन साधारण के लिये भी समान रूप से उपयोगी है। नवीन वैज्ञानिक विधि से विपन्न औषधों का निर्माण प्रकार तथा साधन का अभाव होने पर सर्पादि के घातक विषों की प्राकृतिक चिकित्सा का भी इस ग्रन्थ में उल्लेख किया गया है। ग्रन्थ छात्र, चिकित्सक तथा जन-समुदाय, सभी के लिये अत्यन्त उपादेय है। चतुर्थ संस्करण मूल्य ०-७५

विहार संस्कृत समिति द्वारा पाठ्य स्वीकृत—

अञ्जननिदानम्

(An Ayurvedic Treatise on Diagnosis)

सान्वय 'विद्योतिनी' हिन्दी टीका सहित।

यह ग्रन्थ आयुर्वेद शास्त्र में निदान के लिये श्रेष्ठ माना जाता है। विहार के नवीन पाठ्यक्रम में निर्धारित होने से हमने इस ग्रन्थ को सुन्दर प्रामाणिक परीक्षोपयोगी हिन्दी टीका के साथ प्रकाशित किया है। मूल्य १-००

अष्टाङ्गहृदयम् (गुटका)

(A Compendium of Indian Medicine)

'भागीरथी' टिप्पणी सहित

आयुर्वेदाचार्य पं० तारादत्त पन्त विरचित इसकी 'भागीरथी' टिप्पणी की विशेषता यही है कि छपते ही प्रथम संस्करण हाथों हाथ विक गया। इस वार चमकते हुए नये टाईप और सुन्दर सफेद ग्लेज कागज में इसका जेबी गुटका संस्करण और भी मनोरम हो गया है। द्वितीय परिष्कृत संस्करण मूल्य ४-००

विहार संस्कृत समिति मध्यमा परीक्षा पाठ्य स्वीकृत—

आयुर्वेदविज्ञानम्

(A Classified Register of Diseases and their Remedies)

सटिप्पण विद्योतिनी हिन्दी टीका बृहत् परिशिष्ट सहित

यह निदान चिकित्सा का बड़ा ही उपयोगी ग्रन्थ है। इसकी टीका में रोगों का विशेष भाषाओं-अंग्रेजी-हिन्दी-यूनानी-संस्कृत आदि-में नाम और पारिभाषिक शब्दों तथा अन्य रोगों का विशेष विवरण भी दिया गया है। आयुर्वेद के छात्रों तथा नवीन चिकित्सकों के लिये बड़ी उपयोगी पुस्तक है। द्वितीय संस्करण मूल्य २-००

इण्डियन मेडिसिन बोर्ड यू० पी० द्वारा स्वीकृत पाठ्य-पुस्तक—

आयुर्वेदीय परिभाषा

(A Handy Digest of Ayurvedic Terminology)

अभिनव-प्रकाशिका-हिन्दी टीका विस्तृत परिशिष्ट सहित।

टीकाकार—आयुर्वेदाचार्य श्रीगिरिजादयालु शुक्ल ए. एम. एस.

यह ग्रन्थ सभी आयुर्वेद विद्यापीठ, कालेज, विश्वविद्यालय आदि के पाठ्यक्रम में निर्धारित है। प्रस्तुत पुस्तक में सरल हिन्दी टीका के साथ साथ वक्तव्य में अन्य सभी उपयोगी विषयों पर अच्छा प्रकाश डाला गया है। प्राचीन मानों का नवीन मान से समन्वय कर कुछ अन्य आवश्यक परिभाषाओं का भी परिशिष्ट में समावेश कर दिया गया है। द्वितीय संस्करण मूल्य १-२५

सामान्य रोगों की रोक थाम

(Remedies of Common Diseases)

डा० प्रियकुमार चौबे

रोगों की चिकित्सा कराने से अच्छा है रोग उत्पन्न ही न होने देना। यह तभी सम्भव है जब रोगों के प्रतिषेधात्मक उपायों और उनके प्रयोग का ज्ञान सदा सबको रहे। साधारण पठित मानव मात्र को यह उपादेय ज्ञान सुलभ कराना ही प्रस्तुत पुस्तक की रचना का उद्देश्य है।

इसमें सभी सामान्य रोगों का परिचय, सामान्य लक्षण तथा उनसे बचने के उपायों का अत्यन्त सरल हिन्दी भाषा में विवेचन किया गया है। यथास्थल अनेक चित्र भी दे दिए गए हैं। इस प्रकार स्वास्थ्य-रक्षाकी दृष्टि से चिकित्सक, छात्रगण, गृहस्थ आदि तथा सामान्य पठित मानवमात्र के लिये भी यह पुस्तक परम उपयोगी है। व्यक्तिमात्र के पास इस पुस्तक की एक प्रति अवश्य रहनी चाहिए। मूल्य ३-५०

इ० मेडिसिन बोर्ड यू० पी० तथा हि० सा० सम्मेलन द्वारा पाठ्य स्वीकृत

मर्म-विज्ञान—सचित्र

(Nervous Diseases and Their Ayurvedic Remedies)

आयुर्वेदबृहस्पति श्री रामरक्षपाठक आयुर्वेदाचार्य

मर्मों का वर्णन आयुर्वेद की उन विशेषताओं में है जो अन्यत्र उपलब्ध नहीं होती। आयुर्वेद संहिताओं में १०७ मर्मों के स्वरूप, स्थान, रचना तथा अभिघातजन्य परिणामों एवं प्रतिकार का वैज्ञानिक वर्णन सूत्ररूपेण निर्दिष्ट है। लेखक ने उनकी सचित्र विस्तृत व्याख्या कर आयुर्वेद जगत का बड़ा उपकार किया है। मूल्य ३—५०

क्वाथमणिमाला—हिन्दी टीका सहित

आयुर्वेद के विभिन्न ग्रन्थों में उपलब्ध समस्त क्वाथों का बड़े परिश्रमपूर्वक संग्रह किया गया है। केवल काष्ठ ओषधियों द्वारा चिकित्सा करने वाले वैद्यों तथा प्राकृतिक चिकित्सकों (Naturopaths) के लिए यह अत्युत्तम तथा अद्वितीय संग्रह है। साथ में आधुनिक टिप्पणी भी है। द्वितीय संस्करण यन्त्रस्थ

विहार संस्कृत समिति प्रथम परीक्षा पाठ्य स्वीकृत—

गूलरगुणविकाशः

(Medical Utility of Ficus Glomerata)

वैद्यरत्न श्री चन्द्रशेखरधर मिश्र।

गूलर के विविध प्रयोगों से मनुष्य तथा पशुओं के साधारण से साधारण एव जटिल से जटिल सैकड़ों रोगों की चिकित्सा की जा सकती है। गूलर की दवा इतनी सस्ती है कि ग्राम संगठन के कार्य में इससे बड़ी सहायता ली जा सकती है। विहार सरकार इसे काम में ले भी रही है। स्वतन्त्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न श्री राजेन्द्रप्रसाद जी ने भी इस पुस्तक के प्रचार के लिए जोरदार शब्दों में सिफारिश की है जो पुस्तक में छपी हुई है। चौदहवां संस्करण १—००

+ मधु के उपयोग

अनेक प्रकार के मधु, उनकी पहचान, गुण एवं विविध रोगों में उनकी प्रयोग विधि आदि का विस्तार से इसमें वर्णन है। मूल्य १—००

+ मदनपालनिघण्टुः

(A Glossary of Ayurvedic Medicinal Herbs, etc.)

वैद्य त्र्यम्बकशास्त्रि कृत टिप्पणी सहित: १—००

माधवनिदानम्। वैद्य श्री पण्डित उमेशानन्द शास्त्री रचित 'सुधालहरी' संस्कृत टीका सहित गुटका द्वितीय संस्करण यन्त्रस्थ

यू० पी० इण्डियन मेडिसिन बोर्ड द्वारा पाठ्य-स्वीकृत—

द्रव्य-गुण-मंजूषा

(Medicinal Herbs and their Application)

आचार्य शिवदत्त शुक्ल एम. ए, ए. एम. एस.

आचार्य शुक्लजी द्रव्यगुण के माने हुए विद्वान हैं। विगत १५ वर्षों से इस विषय के अध्यापन का आपको अनुभव है। अनेक प्रान्तों में बहुत बार अनुसंधानात्मक भ्रमण कर अर्जित ज्ञान एवं वनौषधि-निधि हिमांचल के बीहड़ प्रदेशों से द्रव्यों का शोधन कर आपने अपने विशिष्ट ज्ञान से इस जटिल विषय का जितना स्पष्ट विवेचन किया है, यह विना इस ग्रन्थ के अध्ययन के नही जाना जा सकता। प्रत्येक द्रव्य के अनेक भाषाओं में प्रचलित शुद्ध नाम, विशिष्ट वर्णन, उत्पत्तिस्थल तथा परिचय का विस्तार से वर्णन किया गया है। आवश्यक स्थलों पर द्रव्य-शोधन की उपयोगी विधियों का भी वर्णन है। आयुर्वेदीय वनस्पतियों में आधुनिक विज्ञानवेत्ताओं ने जिन सक्रिय तत्त्वों का अनुसन्धान किया है, उन सक्रिय तत्त्वों का भी वर्णन कर द्रव्यगुण विज्ञान को पूर्ण वैज्ञानिक रूप दिया गया है। अन्त में द्रव्यों के शास्त्रोक्त गुणकर्मों का वर्णन कर पाश्चात्य क्रम पर औषध के सांस्थानिक प्रभाव का वर्णन है। वनौषधि के विशिष्ट आमयिक प्रयोग तथा उसके प्रधान शास्त्रीय योगों का उल्लेख कर प्रयोज्य मात्रा भी लिखी गई है। वानस्पतिक द्रव्यों का रचनाप्रधान वर्गीकरण किया गया है, इससे स्वरूप परिचय तथा गुण-धर्म वर्णन का स्मरण विद्यार्थियों को सुविधापूर्वक हो सकेगा। द्रव्यगुण सम्वन्धी इतनी विशाल तथा ठोस सामग्री किसी दूसरे ग्रन्थ में नही है। यह आयुर्वेद जगत को विद्वान् लेखक की अप्रतिम भेंट है। पुस्तक आयुर्वेद महाविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा चिकित्सकों के लिए समान रूप से उपयोगी है। छात्रों के अत्यधिक आग्रह पर इसका प्रथम भाग प्रकाशित किया जा रहा है। प्रथम भाग मूल्य २-००

नाडीपरीक्षा

(Examination of Pulse)

भिषग्रत्न श्री ब्रह्मशङ्कर मिश्र कृत वैद्यप्रिया हिन्दी टीका सहित

इस छोटे से ग्रन्थ में ऐसे ऐसे नाड़ी लक्षणों का वर्णन आया है जो अन्य ग्रन्थों में नही मिलते। मृत्यु के समय मनुष्य की नाड़ी के लक्षणों का भी वर्णन सुन्दररूप में वड़े विस्तार से किया गया है। चतुर्थ संस्करण मूल्य ०-३५

इण्डियन मे. बोर्ड यू० पी०, हि. सा. सम्मेलन द्वारा स्वीकृत पाठ्य-पुस्तक-

प्रारम्भिक-भौतिकी

(An Elementary Work on Physics)

निहालकरण सेठी

हाई स्कूल, इण्डियन मेडिसिन बोर्ड एवं आयुर्वेद विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए यही पुस्तक पाठ्यरूप से स्वीकृत है। अन्य पाठक भी इसको पढ़कर भौतिक विज्ञान की बातों को बिना कठिनाई के समझ सकते हैं। पुस्तक के पांच परिच्छेदों में वैज्ञानिक नाप तौल, द्रव्य के सामान्य गुण, गति, जड़त्व और गुरुत्व, वेग संयोजन काम, सामर्थ्य एवं शक्ति, तापक्रम, प्रकाश, शब्द, चुम्बक, विद्युत, एक्सकिरण आदि विषयों का भौतिक दृष्टिकोण से वैज्ञानिक विवेचन किया गया है।

द्वितीय संस्करण मूल्य ५-५०

परिवर्द्धित और परिष्कृत तृतीय संस्करण

प्रारम्भिक-रसायन

(A Handbook of Elementary Chemistry—Organic and Inorganic)

प्रो० श्री फूलदेवसहाय वर्मा

इसके लेखक प्रोफेसर वर्मा हिन्दू विश्वविद्यालय के सबसे अधिक अनुभवी विज्ञानवेत्ता हैं। आपकी विद्वत्ता की विज्ञान जगत में अमिट छाप है।

पुस्तक २ भागों में पूर्ण हुई है। इस परिष्कृत संस्करण में कई महत्त्व के अध्याय जोड़े गये हैं। प्रांगार रसायन (आर्गेनिक केमिस्ट्री) का जो भाग बहुत सूक्ष्म रूप में था उसके अब बीस अध्याय और बढ़ाये गये हैं।

स्थान स्थान पर आयुर्वेदीय झलक इस नूतन संस्करण की एक और विशेषता है। कई नये चित्र भी जोड़े गये हैं।

सारांश यह कि पुस्तक के पूर्व तथा इस संस्करण में जमीन आसमान का अन्तर है। यह अब न केवल आयुर्वेद के विद्यालयों में, अपितु स्कूलों और कालेजों में भी पाठ्यपुस्तक के रूप में विराजमान है। पुस्तक संग्रहणीय है।

तृतीय संस्करण की पृष्ठसंख्या ४६४, चित्रसंख्या ६२, उत्तम कागज, सुन्दर छपाई तथा आकर्षक टिकाऊ पक्की जिल्द। मूल्य ४-५०

हि० सा० सम्मेलन, आयुर्वेद विद्यापीठ, इ० मे० बोर्ड द्वारा पाठ्य स्वीकृत—

पञ्चविध कषाय-कल्पना विज्ञान

(Basic Ayurvedic Pharmceuticals)

आयुर्वेदाचार्य डा० अवध बिहारी अग्निहोत्री ए. एम. एस.

इस पुस्तक में आयुर्वेदीय चिकित्सा प्रणाली के प्रारम्भिक, अत्यन्त महत्वपूर्ण तथा उपादेय विषय 'पंचविधकषायों' अर्थात् स्वरस, कल्क (शुष्क कल्क अथवा चूर्ण), कषाय (क्वाथ), हिम तथा फाण्ट आदि की कल्पनाओं तथा इन्हीं कषायों के अन्तर्गत आनेवाले तण्डुलोदक, यूषरस, मांसरस, यवागू, मण्ड, पेया, विलेपी आदि उपकषायादिकों का प्राच्य, पाश्चात्य तथा यूनानी मतानुसार, विशदतापूर्वक विवेचन किया गया है। यही नहीं, प्रचलित तथा प्रसिद्ध आयुर्वेदीय स्वरस, कल्क, चूर्ण, क्वाथ, हिम, फाण्टादिकों की कल्पना-विधि तथा उनके गुणों व प्रयोग आदि का वर्णन भी सरल तथा सरस भाषा में किया गया है। यह पुस्तक भारतवर्ष के सभी आयुर्वेदिक कालेजों के द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के छात्रों के 'भैषज्य-कल्पना' विषय के एक अत्यन्त आवश्यक तथा महत्वपूर्ण अंग पर लिखी होने के कारण बड़ी ही महत्वपूर्ण तथा उपादेय है। विभिन्न कषायों की निर्माणविधि प्रयोगात्मक ढंग से भी दी गई है। आधुनिक छात्रों, ग्रामीण वैद्यों, नगर के अल्पानुभवी तथा प्रारम्भिक चिकित्सकों एवं सभी गृहस्थों के लिये अत्यन्त उपादेय पुस्तक है। मूल्य १-५०

इण्डियन मेडिसिन बोर्ड यू० पी० की प्राणाचार्य परीक्षा में आलोच्य
व सहायक स्वीकृत ग्रन्थ—

अभिनव बूटीदर्पण सचित्र

(Ayurvedic Medicinal Plants Illustrated)

सम्पादक : 'रूपनिघण्टुकार' श्रीयुत रूपलालजी वैद्य, वनस्पति-विशेषज्ञ

सहज में स्पष्ट पहचानने योग्य चित्रों के साथ प्रकाशित इस ग्रन्थ में आज तक के प्रकाशित जड़ी-बूटियों के विषय को भली भांति परिमार्जित करने तथा नवीन अनुभव सम्मिलित करने के साथ २ अन्य सन्दिग्ध बूटियों पर भी अच्छा प्रकाश डाला गया है, साथ ही इसमें प्रत्येक रोग पर बूटियों का प्रयोग नम्बर भी बतला दिया है जिससे साधारण जन भी किस रोग पर किन किन बूटियों का कैसे प्रयोग हो सकता है ज्ञात कर प्रयोग द्वारा सफल चिकित्सा कर लाभ उठा सकते हैं। इसकी प्रशंसा स्वयं क्या लिखी जावे, ग्रन्थ हाथ में आने पर आप स्वयं प्रशंसा किये विना नहीं रहेंगे। द्वितीय संस्करण यन्त्रस्थ

प्लीहा के रोग और उनकी चिकित्सा
(Treatment of Diseases of the Spleen)

कविराज ब्रह्मानन्द चन्द्रवंशी राजवैद्य

इसमें नवीन वैज्ञानिक ढंग पर आयुर्वेदिक, एलोपेथिक एवं यूनानी मतानुसार रोग के निदान, लक्षण तथा चिकित्सा का सुन्दर वर्णन किया गया है। मूल्य ०-३५

यू० पी० गवर्नमेंट के कृषिविभाग द्वारा स्वीकृत—

फलसंरक्षणविज्ञान (FRUIT PRESERVATION)

डा० युगलकिशोर गुप्त आयुर्वेदाचार्य

उत्तर प्रदेशीय सरकार की योजनानुसार उक्त पुस्तक की रचना की गई है। विषयों का विवेचन अति उत्तम मौलिक रूप से किया गया है। विद्यार्थियों के लिए इस विषय की यह सर्वश्रेष्ठ पुस्तक है। फलों की चटनी, अचार, मुरब्बा आदि बनाने तथा संरक्षण का विधान भी बड़ी सरलता से समझाया गया है। साधारण जनता भी इस पुस्तक से बहुत लाभ उठा सकती है। मूल्य १-००

बस्तिशलाकाप्रवेश (एनिमा और कैथेटर)
(Enema Catheterization)

आयुर्वेदाचार्य **राजकुमार द्विवेदी** डी. आई. एम. एस.

द्विवेदी जी ने इस पुस्तिका में बस्तियों तथा शलाकाओं के प्रयोग पर व्यावहारिकज्ञान का बड़ा ही सुन्दर प्रकाशन किया है। जहाँ पुस्तिका छात्रों के लिए लाभदायक है वहाँ सहायक वैद्यों तथा उन वैद्यों के लिए जिन्हें इस उपयोगी विषय के अभ्यास का अवसर नहीं मिला, बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। मूल्य ०-४०

भारतीय-रसपद्धति
(Indian Pharmaceuticals)

कविराज श्री अत्रिदेव गुप्त विद्यालंकार

भारतीय रस शास्त्र में धातुओं आदि का शोधन, जारण-मारण एक महत्त्व का विषय है। इस छोटी सी पुस्तक में यह विषय बहुत ही सरलता के साथ समझाया गया है-इसके सिवाय ओज, भावना, पुट, आदि सन्दिग्ध विषय पूर्णतः स्पष्ट कर दिये हैं। रस शास्त्र का इतना महान् विषय इस छोटी सी पुस्तक में सम्पूर्ण रूप से समा दिया गया है-इसी को देखकर—प्राणाचार्य श्री गोवर्धन शर्मा छांगाणी जी ने लिखा है कि—'अधिक तो क्या इस छोटी सी पुस्तिका रूपी गागर में रस शास्त्र सरीखे महान् सागर को भर दिया है। हमारी दृष्टि में रस शास्त्र के लिये प्राचीन ढंग का ऐसा सुन्दर और स्वल्पाकार ग्रन्थ यह पहला ही है'। १-५०

योग-चिकित्सा

(Indications of Drugs)

कविराज, अत्रिदेव गुप्त विद्यालङ्कार

इसमें बंगाल की परम्परा से प्राप्त अनुभूत प्रत्यक्ष फलप्रद योगों का तथा बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के पञ्चम वर्ष में जो रस, अवलेह, तैल, घृत, गुटिका आदि का ज्ञान कराने के लिए निर्धारित हैं, उन सब योगों का समावेश है। इसीलिए उत्तर प्रदेश के डिप्टी डायरेक्टर आयुर्वेद, महोदय ने लिखा है कि यह पुस्तक विद्यार्थी, प्रैक्टिशनरों तथा राजकीय चिकित्सक सबके लिए अत्यावश्यक तथा उपयोगी है। चिकित्सा में यश, धन तथा सफलता प्राप्त करने के लिए इस पुस्तक की एक प्रति पास में रहना अत्यावश्यक है।

पुस्तक उत्तम कागज, नवीन टाईप में बहुत सुन्दर छपी है। मूल्य ३–५०

यकृत् के रोग और उनकी चिकित्सा

(A Manual of the Diseases of the Liver & Gall bladder)

श्री सभाकान्त झा वैद्य शास्त्री

परिष्कर्ता—आयुर्वेदाचार्य श्री रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी ए. एम. एस.

पुस्तक में यकृत्, उसकी रचना, सूक्ष्म रचना, क्रिया, उसके विकार, विकारों के निदान, पूर्वरूप, सम्प्राप्ति, चिकित्सा, पित्ताशय और उसके विकारों का वर्णन सरल सुबोध भाषा में वैज्ञानिक प्रणाली से किया गया है। अन्त में अनेक उपादेय सिद्ध योगों का भी समावेश है। वैद्य, डाक्टर, छात्र सभी के लिए उपयोगी है मूल्य २–००

नाडीविज्ञानम्

(An Authoritative Work on the Examination of Pulse)

आयुर्वेदाचार्य—प्रयागदत्तजोषीकृत विबोधिनी विस्तृत हिन्दी टीका सहित

इसमें नाडी की सूक्ष्म तथा स्थूल भिन्न भिन्न गतियों का बहुत विचार-पूर्वक दिग्दर्शन कराया गया है। यहाँ तक कि भिन्न भिन्न कार्य करने पर तथा भिन्न भिन्न पदार्थ खाने पर एवं मृत्यु काल सम्बन्धी नाडी की गति में जो अन्तर होता है भली प्रकार दर्शाया गया है। षष्ठ संस्करण मूल्य ०–३५

रोगि-परीक्षा-विधि (सचित्र)

(Ancient & Modern Clinical Methods)

आचार्य प्रियव्रत शर्मा एम० ए०, ए० एम० एस०

रोगि-परीक्षा-विधि चिकित्सा-विज्ञान का प्रथम सोपान है। रोगी की पूर्ण परीक्षा किये बिना रोग का निर्णय ठीक-ठीक नहीं हो सकता फलतः चिकित्सा भी सफल नहीं हो सकती। ऐसे महत्त्वपूर्ण विषय पर अभी तक समन्वय प्रणाली से लिखे गए ग्रन्थ का अभाव चिरकाल से अनुभव किया जा रहा था। विद्वान् और अनुभवी लेखक ने अपने दीर्घकालीन अनुभव के आधार पर इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की रचना कर एक बड़े अभाव की पूर्त्ति की है। इस ग्रन्थ में आयुर्वेदिक और एलोपैथिक दोनों पद्धतियों से रोगी-परीक्षा का पूर्ण विवरण दिया गया है जिससे दुरूह विषय भी करामलकवत् स्पष्ट हो गया है। प्रायः सभी स्थलों पर चित्रों को देकर विषय को और भी सरल तथा स्पष्ट रूप से समझाया गया है। मूल्य ६-००

स्त्री-रोग-विज्ञान (सचित्र)

(Gynocology)

डा० रमानाथ द्विवेदी एम० ए०, ए० एम० एस०

यह रचना आयुर्वेद के विद्यार्थियों अथवा सामान्यतया सभी चिकित्साविज्ञान के अभ्यासी छात्रों के लिये अत्यन्त ही उपादेय है। पुस्तक को 'नातिसंक्षेप-विस्तर' लिखते हुए छः खण्डों में पूरे विषय का विभाजन किया गया है जैसे अंगव्यापद, रजोव्यापद, योनिव्यापद, उपसर्गव्यापद, अर्बुदव्यापद तथा शस्त्रकर्म। परीक्षा के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए विषय को ठोस लिखने का प्रयास किया गया है जिससे परीक्षार्थियों को सरलता से विषय ग्राह्य हो सके और परीक्षाकाल में उन्हें पूर्ण सफलता भी प्राप्त हो। साथ ही चिकित्सा का प्रकरण बहुत ही व्यावहारिक दृष्टि से लिखा गया है, जिससे साधारण चिकित्सक अपनी नित्य की चिकित्सा में समान भाव से पुस्तक को उपयोगी बना सके। 'पुस्तक की सर्वोपरि विशेषता उसकी समन्वयात्मक पद्धति का लेखन है जिसमें अत्यन्त प्राचीन काल के आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धान्तों और सूत्रों के उल्लेख से प्रारम्भ करके आधुनिक युग के नवीनतम आविष्कारों से प्रकाशित रोग-विज्ञान तथा चिकित्सा का संकलन हो गया है। इस पुस्तक से आयुर्वेद-विद्यालयों में पाठ्य स्त्रीरोग-विज्ञान से सम्बद्ध प्राचीन तथा नवीन ज्ञातव्य विषयों का एकत्रीकरण सुलभ हो गया है। द्वितीय संस्करण मूल्य ३-५०

रोगीरोगविमर्श

(An Ayurvedic Guide for Examination of Patients and Diagnosis of Diseases)

डा० रमानाथ द्विवेदी एम० ए०, ए० एम० एस०

पुस्तक का विषय नाम से ही स्पष्ट है। आतुरालय में रोगियों के इतिवृत्त के विभिन्न स्थलों का प्रारम्भ कैसे किया जाय, किन किन बातों की जानकारी किन किन विशिष्ट प्रश्नों के द्वारा की जाय, तथा रोगी और रोग की परीक्षा किन विधियों का अनुसरण करते हुए की जाय, इत्यादि आधुनिक युग के चिकित्सा-विज्ञान की प्रमुख बातें इसमें प्राचीन शास्त्रों के आधार पर लिखी गई हैं। आधुनिक वैद्यों, चिकित्सकों तथा छात्रों के लिए बहुत ही उपादेय पुस्तक है। मूल्य २-००

सचित्र—

भैषज्य कल्पना विज्ञान

(A Complete Guide for Preparation of Ayurvedic Medicine)

डा० अवध बिहारी अग्निहोत्री बी. ए., ए. एम. एस.

आयुर्वेदीय चिकित्सा-प्रणाली के अन्तर्गत आनेवाली भैषज्य-कल्पना से सम्बन्धित सभी विधियों का सुगम तथा विशद वर्णन इस पुस्तक में सुन्दरता के साथ किया गया है, जिसके अन्तर्गत आयुर्वेदीय तथा आधुनिक मान (माप, भार व तौल), यन्त्रोपकरण, मूषा, पुट, कोष्ठी, मुद्रा, पञ्चविध कषाय कल्पना (स्वरस, कल्क, क्वाथ, हिम, फाण्ट आदि), रसक्रिया (अवलेह), गुटिका, वटी, वर्ति, स्नेहपाक, आसवारिष्ट, उपनाह, लेप, मलहम, क्षार आदि की कल्पना से सम्बन्धित विषयों को आधुनिक तथा प्राचीन चिकित्सा-प्रणालियों के समन्वयात्मक सिद्धान्तों व विधियों के अनुसार अच्छी तरह समझाकर लिखा गया है। इन सब विषयों की जानकारी प्राप्त करने के लिए फिर किसी भी भैषज्य-कल्पना-ग्रन्थ को देखने की आवश्यकता नहीं रह जाती। इस प्रकार राष्ट्रभाषा हिन्दी में लिखी गई, आयुर्वेद के महत्त्वपूर्ण अंग पर यथोचित प्रकाश डालनेवाली यह पुस्तक भारतवर्ष के विभिन्न आयुर्वेदिक कालेजों के विद्यार्थियों, विद्वानों, वैद्यों, चिकित्सकों तथा साधारण गृहस्थों आदि के लिए अत्यधिक उपादेय है। मूल्य ५-००

रसचिकित्सा

(Ayurvedic Chemotherapy)

डा० कविराज श्री प्रभाकर चट्टोपाध्याय

इस ग्रन्थ के प्रथम खण्ड में प्राचीन रसग्रन्थों से अनुभूत पारद के १८ संस्कारों का तथा पारदभस्म, हरितालभस्म आदि की निर्माणविधि का वर्णन बहुत सुन्दर रीति से किया गया है तथा स्वर्णघटित मकरध्वज बनाने की ऐसी विधि बतलाई गई है जो आज तक किसी भी अन्य पुस्तक में प्रकाशित नहीं हुई थी और जिसे सर्वसाधारण वैद्य नहीं जान पाये थे। इसके अतिरिक्त अभ्रकादि खनिज धातुओं का आश्चर्यजनक शोधन, मारण तथा उनकी सेवन-विधियों का विस्तृत विवेचन किया गया है। इसके द्वितीय तथा तृतीय खण्ड में ज्वरादि रोगों की चिकित्सा दी गई है और टायफाइड, न्यूमोनिया, इन्फ्लुयेञ्जा, कालाजार, प्लेग, गैस्ट्रिक अलसर, गलस्टोन, हैजा, सुजाक, उपदंश (आतशक) आदि वर्त्तमान काल में प्रचलित दुःसाध्य रोगों की भी सुन्दर अनुभूत चिकित्साविधि लिखी गई है। इस पुस्तक द्वारा चिकित्सक जटिल से जटिल आधुनिक रोगों की भी चिकित्सा करने में सफल हो सकता है। जिन प्रयोगों और अनुभवों को वैद्य लोग छिपाते थे, प्राच्य-प्रतीच्य चिकित्साशास्त्र के अद्वितीय मनीषी चट्टोपाध्यायजी ने स्वानुभूत उन योगों तथा अनुभवों को भी चिकित्सकों की सुविधा के लिये इसमें उल्लिखित कर दिया है। इस पुस्तक में वस्तुतः रसचिकित्सा का महत्व विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है। इस पुस्तक के अध्ययन से रसचिकित्सा द्वारा असाध्य रोगों को भी साध्य करके साधारण वैद्य भी सफल रसचिकित्सक बनने का गौरव प्राप्त कर सकता है। अतः यह ग्रन्थ सभी रसचिकित्साभिलाषियों के लिये अत्यधिक उपयोगी होने से अवश्य संग्राह्य है। कागज, टाईप, गेटअप आदि सभी आधुनिकतम। मूल्य ६-००

राजमार्तण्ड

(An Easy but Effective Guide for Ayurvedic Preparations)

'विद्योतिनी' हिन्दी व्याख्या सहित

श्री भोज महाराज विरचित इस दुर्लभ प्राचीन ग्रन्थरत्न का सम्पादन आचार्य यादव जी त्रिकम जी ने टिप्पणी, उपशीर्षक आदि देकर बड़े श्रम से किया था। प्रत्येक रोग पर ग्रन्थकार के अनुभूत अनूठे योगों का वर्णन इसमें है। लोकोपकार की दृष्टि से अब इस ग्रन्थ को विशद हिन्दी व्याख्या के साथ प्रकाशित किया जा रहा है।

मूल्य २-५०

इ० मे० बोर्ड, यू० पी०, आयुर्वेद विद्यापीठ एवं हिन्दी साहित्य सम्मेलनादि अनेक आयुर्वेदिक संस्थाओं द्वारा पाठ्य स्वीकृत—

व्यवहारायुर्वेद-विषविज्ञान-अगदतन्त्र

(Medical Jurisprudence and Toxicology)

डा० युगल किशोर गुप्त आयुर्वेदाचार्य

परिष्कर्त्ता—डा० बालकृष्ण पटवर्धन ए० एम० एस०

चिकित्सक तथा अध्यापक, आयुर्वेदिक कालेज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

इस द्वितीय संस्करण को डा० पटवर्धनजी ने नवीन संस्करण के रूप में परिष्कृत कर दिया है तथा डा० रमानाथ द्विवेदी जी ने चरक, सुश्रुत, वाग्भट, काश्यप-संहितादि प्राचीन ग्रन्थोक्त परीक्षा निर्धारित 'अगदतन्त्र' जो इण्डियन मेडिसिन बोर्ड आदि परीक्षाओं में निर्धारित है एवं जिनके प्रश्न प्राचीन आयुर्वेद पद्धति के अनुसार पूछे जाते हैं उनका समाधान तथा तदुक्त ग्रन्थों के विपन्न ओषधि निर्माण, चिकित्सा, निदान, साध्यासाध्यता आदि का विशद विवेचन कर उसमें अगदतन्त्र नामक ग्रन्थ को भी जोड़ दिया है। चिकित्सकों की सुविधा के लिए उत्तरप्रदेश सरकार का इण्डियन मेडिसिन एक्ट भी इस चतुर्थ संस्करण में छपा है। आज तक इस विषय की दूसरी कोई भी पुस्तक इसके टक्कर की नहीं छपी है। मूल्य ५–००

राष्ट्रियचिकित्सा सिद्धयोगसंग्रहः

(An Exhaustive Register of Ayurvedic Prescriptions)

आयुर्वेदाचार्य श्री रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी ए. एम. एस.

भूमिका लेखक—प्रोफेसर श्री दत्तात्रय अनन्त कुलकर्णी एम. एस–सी.

डि० डायरेक्टर, मेडिकल एण्ड हेल्थ सर्विसेस, उत्तर प्रदेश

इस पुस्तक में आयुर्वेद के आठों अंगों के विभिन्न शतशोऽनुभूत सिद्ध कषाय, चूर्ण, तैल, घृत, अवलेह, गुटिका और रसयोगों के गुण, अनुपान और निर्माण का पूर्ण विवरण दिया गया है। इसके अतिरिक्त डाक्टरी के अनूठे मिक्श्चर्स, लोशन्स आदि तथा यूनानी के सफूफ, अर्क–खमीरा आदि भी दिये गये हैं ताकि प्रत्येक वैद्य या राष्ट्रिय चिकित्सक उससे लाभ उठा सके। मूल्य १–५०

आसवारिष्ट-विज्ञान

(A Handbook of Fermentative Preparations)

श्री पक्षधर झा

यह ग्रन्थ दो खण्डों में विभाजित है। प्रथम खण्ड में मद्य-सुरा-प्रसन्ना-सीधु-वारुणी आदि सम्पूर्ण आसवारिष्ट-भेदों की परिभाषाएं, निर्माण-विधि की प्रक्रियाओं का सूक्ष्म विवेचन, सेवनविधि, मात्रा, पारिभाषिक शब्द तथा घन-द्रव पदार्थों के विभिन्न प्रचलित-अप्रचलित मानों का तुलनात्मक विवेचन है। द्वितीय खण्ड में रोगाधिकार-पूर्वक आसवारिष्टों का वर्गीकरण कर प्रत्येक आसवारिष्ट प्रकरण में ग्रन्थ, रोग, निर्माणप्रकार : घन-द्रव द्रव्य, प्रक्षेप द्रव्य, सन्धान प्रकार, सेवन प्रकार, मुख्य कार्य, मात्रा तथा 'वक्तव्य' में विशेष ज्ञातव्य सामग्री प्रस्तुत की गई है। आयुर्वेदीय आसवारिष्टों के सम्बन्ध में इतनी विशद सामग्री एक साथ प्रथम बार ही आप देखेंगे। विद्वान् लेखक के अध्यापन तथा प्रत्यक्ष कर्माभ्यास के अनुभवों से सम्पुटित यह ग्रन्थ छात्रों-चिकित्सकों की तो बात ही क्या, पठित व्यक्ति मात्र के लिये भी अमूल्य निधि है। मूल्य ३-००

विषविज्ञान और अगदतन्त्र

(Toxicology)

कविराज युगल किशोर गुप्त आयुर्वेदाचार्य तथा—
आयुर्वेदबृहस्पति डा० रमानाथ द्विवेदी एम० ए०, ए० एम० एस०

इस पुस्तक में उन मुख्य विषैली ओषधियों का वर्णन है, जिनसे साधारणतया दुर्घटनायें हो जाया करती हैं अथवा जिनका प्रायः आत्महत्या तथा परहत्या के लिये उपयोग किया जाता है। इस पुस्तक में विषों के लक्षण तथा उनकी चिकित्सा आदि पर विस्तार से लिखा गया है ताकि चिकित्सक विष का निर्णय कर अत्यन्त शीघ्रतापूर्वक चिकित्सा कर सकें। इस परिवर्द्धित द्वितीय संस्करण में डा० बा० पटवर्धन जी ने आधुनिक नवीन वैज्ञानिक ढंग से सम्पूर्ण ग्रन्थ का परिष्कार करके ग्रन्थ का कलेवर ही बदल दिया है। श्री द्विवेदी जी लिखित चरक, सुश्रुत, वाग्भट आदि प्राचीन आर्ष ग्रन्थों का सारभूत 'अगदतन्त्र' नामक ग्रन्थ भी इस संस्करण में संवलित कर दिया गया है। यह पुस्तक विद्यार्थियों तथा सामान्य चिकित्सकों के लिए समान रूप से पूर्ण उपयोगी सिद्ध हो चुकी हैं।

चतुर्थ संस्करण मूल्य २-००

रोगनामावलीकोष

(A Trilingual Dictionary of Diseases with Short Explanations)

वैद्यराज हकीम ठाकुर दलजीत सिंह, भिषग्रत्न

भूमिका लेखक—डा० भास्कर गोविन्द घाणेकर

इस ग्रन्थ में सभी आयुर्वेदीय, यूनानी तथा डॉक्टरी रोगनामों का परिचयादि सहित समीचीन, आवश्यक, प्रामाणिक एवं सुन्दर संस्कृत–हिन्दी–उर्दू–अरबी—फारसी–अंग्रेजी आदि अनेक भाषाओं में अकारादि क्रमानुसार संग्रह किया गया है। अस्तु, स्पष्ट है कि यह ग्रन्थ चिकित्सानुरागी साधारण जनता, ग्रन्थलेखक, वैद्य, हकीम और डाक्टर सभी के लिये समानरूप से उपयोगी है। मूल्य ३–५०

वनौषधि-चन्द्रोदय (विशाल निघण्टु-ग्रन्थ, चतुर्थ संस्करण)

(An Encyclopaedia of Indian Botanys & Herbs)

इस विशाल ग्रन्थ में भारतवर्ष में पैदा होने वाली तमाम वनस्पतियों, खनिज द्रव्यों और विष-उपविषों के गुण-धर्मों का सर्वांगीण विवेचन किया गया है। प्रत्येक वस्तु के भिन्न २ भाषाओं में नाम, उत्पत्तिस्थान, आयुर्वेदिक, यूनानी और आधुनिक चिकित्साविज्ञान की दृष्टि से उनके गुण-धर्मों का वर्णन, शरीर के अन्दर भिन्न २ अङ्गों पर उसके पड़ने वाले रासायनिक प्रभाव, भिन्न २ रोगों पर उसके उपयोग करने के तरीके, उस वस्तु के मेल से बनने वाले सिद्ध प्रयोगों का विवेचन बहुत ही सुन्दर तथा विस्तार से किया गया है जो आपको अन्यत्र किसी भी ग्रन्थ में मिलना असम्भव है।

इस विशाल निघण्टु ग्रन्थ की उपयोगिता स्वीकार करते हुए नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय सरकार के तमाम जंगलों के प्रधान इन्स्पेक्टर जेनरल ने समस्त भारतीय जंगलों के प्रधान प्रबन्धकों के लिए तथा पंजाब, हिमाचल प्रदेश और मध्यभारत की सरकारों ने अपने अपने प्रदेशों के समस्त विभागीय जंगलों के अफसरों के लिए एवं केन्द्रीय सरकार के मेडिकल विभाग के डाइरेक्टर ने कुल मेडिकल संस्थानों के लिए पुस्तक का अनुमोदन कर खरीद करने की जोरदार सिफारिश की है। इनसे भिन्न मध्यभारत तथा उत्तर प्रदेश की सरकारों के शिक्षा विभागों ने भी अपने अपने प्रदेश के स्कूल, हाई स्कूल, इण्टर तथा डिग्री कालेजों की लाइब्रेरियों के लिए उक्त पुस्तक को संग्रह करने का पूर्ण समर्थन किया है।

पृथक् २ प्रत्येक भाग का मूल्य ५–०० तथा १–१० भाग सम्पूर्ण का मूल्य ४०–००

वैद्यकीय सुभाषितावली
(Medical Anthology)

—: संग्रहकर्ता :—

डा० प्राणजीवन माणेकचन्द मेहता

आयुर्वेद जगत में डा० मेहता जी को कौन नहीं जानता। मेहता जी की इस अमर कीर्ति की प्रशंसा करना सूर्य को दीपक दिखाना है। फिर भी इतना अवश्य कहूँगा कि इस ग्रंथ का निर्माण करके मेहता जी ने आयुर्वेद का मस्तक अधिक ऊँचा कर दिया है। आयुर्वेद अथर्ववेद का उपवेद है यह प्रायः सभी लोग जानते हैं किन्तु वेदादि में बिखरे हुए आयुर्वेद के चुने हुए सुभाषित पद्य कितने हैं इसका ज्ञान सभी को नहीं था। प्रस्तुत ग्रन्थ में उसी के संकलन का भगीरथ प्रयत्न किया गया है। चारों वेद, महाभारतादि १८ पुराण, चरक, सुश्रुत, वाग्भटादि आयुर्वेद के शिरोमणि ग्रन्थ, माघ, नैषध, हर्षचरित आदि काव्य ग्रन्थ तथा लोलिम्बराज विरचित वैद्यजीवन आदि के ग्रन्थों में जितने वैद्यकीय सुभाषित छन्दोबद्ध सुललित पद्य आये हैं उन सब का एकत्र संग्रह इस पुस्तक में किया गया है तथा साथ ही साथ अंग्रेजी भाषा में उनकी आलोचनात्मक व्याख्या भी कर दी गयी है। यह ग्रन्थ आयुर्वेद के आधुनिक स्नातकों एवं विद्वानों के लिए अत्यन्त उपादेय और संग्रह करने योग्य है।

पुस्तक की छपाई, कागज, जिल्द, गेटअप आदि बहुत सुन्दर है। मूल्य २–००

वैद्यजीवनम्
(A Comprehensive Book of Ayurvedic Prescriptions for all Diseases)

अभिनव 'सुधा' हिन्दी टीका टिप्पणी सहित

टीकाकार—आयुर्वेदाचार्य श्री कालिकाचरण शास्त्री एम. ए.

इस संस्करण की सरल हिन्दी टीका में ग्रन्थ के आशय को भली प्रकार विस्तृत रूप से समझाते हुए विशद टिप्पणी में प्राचीन संस्कृत टीका की सभी विशेषतायें तथा स्थान स्थान पर प्रत्येक रोग के लक्षण भी दे दिये गये हैं।

तृतीय संस्करण मूल्य १–२५

सिद्ध-भेषज-संग्रह

(An Exhaustive Compilation of Ayurvedic Formulae)

आयुर्वेदाचार्य श्री युगल किशोर गुप्त डी. आई. एम. एस.

सम्पादक—आयुर्वेदाचार्य श्री गंगासहाय पाण्डेय ए. एम. एस.

अध्यापक, आयुर्वेदिक कालेज, हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी

प्रस्तुत पुस्तक में सभी प्रचलित—चूर्ण, वटी, घृत, तैल, आसव-अरिष्ट, सुरा, रस, रसायन, पर्पटी, लौह, मण्डूर, गुग्गुलु, अवलेह, मोदक, पाक, क्वाथ, लवण, द्रव, क्षार, प्रलेप, अञ्जन, वर्ति, धूम आदि शास्त्रीय योग तथा श्रेष्ठतम रसायन-शालाओं में जिन योगों का निर्माण होता है उन अनुभवसिद्ध एवं वर्तमान समय में सिद्धहस्त चिकित्सक नित्यप्रति जिन योगों का प्रयोग करते हैं उन १००० सहस्र सिद्ध योगों का संग्रह तथा भस्म एवं शोधन-मारण की अनुभवसिद्ध, गुणकारी सरल विधियों का भी संकलन किया गया है। प्रत्येक योग के वर्णन में ग्रन्थ निर्देश, अधिकार, संयोगी द्रव्य, निर्माणप्रकार, मात्रा, अनुपान एवं गुणधर्म तथा उपयोगिता आदि आठ विभाग रखे गये हैं। विशिष्ट स्थलों पर प्रायः सर्वत्र ही विशेष वक्तव्य और नोट्स में संदिग्ध विषयों को विस्तार के साथ प्रतिपादन कर दिया गया है। सर्वसाधारण चिकित्सकों को, विशेषतया नवीन चिकित्सकों को सर्वविध औषधि-निर्माण तथा चिकित्सा के बारे में पूर्ण जानकारी एक ही ग्रन्थ से हो जाय, यह इस ग्रन्थ की प्रमुख विशेषता है। यह अभिनव संस्करण प्रत्येक चिकित्सक के लिए संग्रह करने योग्य है।

पृष्ठसंख्या ७६०, छपाई, कागज, गेटअप आदि सभी आकर्षक एवं मनोहर हैं।

मूल्य—राज संस्करण ६-०० उत्तम संस्करण ८-०० सुलभ संस्करण ७-००

सुश्रुतसंहिता-शारीरस्थानम्

(Susruta Samhita-Sarirasthana)

नवीन वैज्ञानिक 'प्रभा'-'दर्पण' विस्तृत हिन्दीटीका सहित

इसकी 'प्रभा' तथा 'दर्पण' नाम की श्रेयस्कर दो टीकाओं में परीक्षोपयोगी विषयों का विवेचन निराले ढंग से किया गया है। सर्वत्र 'प्रभा' व्याख्या से मूल के वास्तविक अर्थों को तथा 'दर्पण' से विशेष २ अर्थों को विस्तृत रूप से दर्शाया गया है एवं शारीरिक शब्दों के पर्याय दे देने से तथा प्रति अध्याय के अन्त में प्रश्नसंग्रह के रखने से इस संस्करण की उपादेयता अति सौन्दर्यान्वित हो गई है। प्रथम एवं द्वितीय संस्करण अल्प समय में ही बिक गये। तृतीय संस्करण मूल्य ४-००

शिलाजीत विज्ञान

(Chemistry of Asfalium Panjainum and its Medical Application)

'शिलाजीत-विज्ञान' में भेदोपभेद एवं सूक्ष्म विश्लेषण सहित शिलाजीत का विशद परिचय, शोधन, परीक्षण, सामान्य और विशेष प्रयोग-विधि, शिलाजीत से निर्मित होनेवाले कुछ महत्त्वपूर्ण अनुभूत योग, कुछ विशिष्ट रोगों में शिलाजीत प्रयोग की चमत्कारिता आदि सब ज्ञातव्य विषयों का समावेश है। यह एक ही औषधि अनुपान भेद से अनेक व्याधियों को नष्ट कर सकती है। ऐसी उपादेय औषधि का सामान्य एवं विशेष ज्ञान प्राप्त करना मनुष्यमात्र के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण है और वह इसी एक पुस्तक से भलीभाँति प्राप्त हो सकता है। ०-७५

रसशास्त्र विषयावरील अभिनव ग्रन्थ—

+ रस धातु प्रकाश (१-२ भाग संस्कृत-मराठी)

पंचकर्म युक्त अभिनव चिकित्सा। वैद्य दा० मुले मूल्य १४-००

हिन्दी कामसूत्र

(The Most Authentic Work on Indian Erotics)

(जयमंगला संस्कृत टीका हिन्दी व्याख्यान सहित)

व्याख्याकार : **पं० देवदत्त शास्त्री**

यूरोप में कामशास्त्र एवं कामसूत्र पर लगभग एक शती से लगातार अत्यधिक चिन्तन तथा अनुशीलन किया गया है। भारत में वात्स्यायन-कामसूत्र पर अब तक संस्कृत की सर्वमान्य जयमंगला टीका ही अपना स्थान बनाए हुए है, हिन्दी तथा अन्य प्रादेशिक भाषाओं में कामसूत्र पर अभी तक व्यवस्थित, वैज्ञानिक ढंग से व्याख्या के साथ कोई नवीन चिन्तन प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस अभाव की पूर्ति की आशा कामसूत्र के इस अनुचिन्तन से हम कर रहे हैं। प्राच्य-पाश्चात्य यौनविज्ञान, मनोविज्ञान का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करते हुए यह अनुशीलन धर्म, अर्थ, काम—इस त्रिवर्ग की विशद व्याख्या पर आधारित है। यह अनुशीलन उन आलोचकों के लिए चुनौती है जो कामसूत्र जैसे शास्त्र को अश्लील, अनुपयोगी कह कर उसकी उपेक्षा और निन्दा करते हैं।

डबल डिमाई आकार के लगभग १५०० पृष्ठों का यह महान् ग्रन्थ सुप्रसिद्ध जयमंगला टीका के साथ गहन, गंभीर अनुचिन्तन, समाजविज्ञान तथा मनोविज्ञान पर आधारित है। छपते ही सैकड़ों प्रतियाँ हाथों-हाथ विक गईं। मूल्य १६-००

इ. मे. बोर्ड यू. पी., आयुर्वेद विद्यापीठ, हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा पाठ्य-स्वीकृत

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत—

सौश्रुती

(संशोधित परिवर्धित तृ० संस्करण)

(A comprehensive Treatise on ancient Indian Surgery mainly based on the classical medical work Sushruta Srmhita)

आयुर्वेदबृहस्पति डा० रमानाथ द्विवेदी एम. ए., ए. एम. एस.

चिकित्सक तथा अध्यापक, आयुर्वेद कालेज हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी

प्राचीन शल्यतन्त्र (सर्जरी) पर लिखा हुआ यह विशद ग्रन्थ नाना दृष्टियों से बहुत महत्त्वपूर्ण है। इस विषय की जो सामग्री प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में बिखरी पड़ी है उस समस्त सामग्री को आधुनिक विज्ञान के आलोक में देखने का अथक प्रयास इस पुस्तक में किया गया है। साधारण पाठक भी इससे शस्त्रकर्म विज्ञान का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर सकता है। इस विषय में जो नित-नई वैज्ञानिक खोजें हो रही हैं उनके परिणाम भी इस संस्करण में बढ़ा दिए गए हैं।

तृतीय संस्करण मूल्य १०-००

स्वास्थ्यसंहिता-हिन्दीटीका सहित

(An Anthology of Health and Hygiene)

आयुर्वेदाचार्य कविराज नानकचन्द्र वैद्यशास्त्री

नि० भा० आयुर्वेद विद्यापीठ परीक्षा के छात्रों के लिए यह अनिवार्य पाठ्य पुस्तक है। 'स्वास्थ्य विज्ञान' के प्रश्नों का इस पुस्तक में सरल, स्पष्ट तथा विस्तृत विवेचन किया गया है। दीर्घजीवनार्थ अनेक उपायों के वर्णन इस पुस्तक में आपको देखने को मिलेंगे। अवश्य अवलोकन करें। परिष्कृत चतुर्थ संस्करण। मूल्य २-५०

वैद्यकपरिभाषाप्रदीपः

(A Book of Ayurvedic Terminology)

नवीन 'प्रदीपिका' नामक विस्तृत हिन्दी टीका सहित।

आयुर्वेदाचार्य श्री प्रयागदत्त जी जोषी ने इसकी अत्यन्त सरल हिन्दी टीका लिखी है। यह प्रदीपिका आपको शास्त्र तथा व्यवहार में मार्गदर्शक होगी।

तृतीय संस्करण १-५०

इ० मेडिसिन बोर्ड यू० पी०, आयुर्वेद विद्यापीठ, हि० सा० सम्मेलन आदि
अनेक आयुर्वेदिक शिक्षा संस्थाओं द्वारा स्वीकृत—

यू० पी० गवर्नमेंट आयुर्वेद एण्ड तिब्बी एकाडेमी द्वारा पुरस्कृत

शालाक्यतन्त्र (निमितन्त्र)

